दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 246 जयपुर, बुधवार, 14 अगस्त, 2024 । श्रावण, शुक्ल पक्ष-नवमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**सेना के जवान ने कंधे पर रखकर किया लॉन्च, बख्तरबंद वाहनों को भी भेदेगी...**

# पोकरण में स्वदेशी एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मंगलवार को स्वदेशी रूप से विकसित मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपी-एटीजीएम) का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ के अधिकारियों के अनुसार यह परीक्षण जैसलमेर स्थित एक फील्ड फायरिंग रेंज में हुआ। सूत्रों के अनुसार इस स्वदेशी एंटी-टैंक मिसाइल में टैंडम हाई एक्सप्लोसिव एंटी-टैंक हथियार लगा है, जो अत्याधुनिक एक्सप्लोसिव रिएक्टिव आर्मर कवच वाले बख्तरबंद वाहनों को छेद सकता है। ऐसे में युद्ध के दौरान कोई टैंक या बख्तरबंद वाहन इससे बच नहीं सकता है। मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम में मिसाइल, लॉन्चर, टारगेट एक्विजिशन सिस्टम और एक फायर कंट्रोल यूनिट शामिल है। सेना के जवान ने इसे कंधे पर रखकर लॉन्च किया।



### आसानी से कहीं भी ले जाया जा सकता है

इस मिसाइल को आसानी से कहीं भी ले जाया जा सकता है। यह कहीं से भी दुश्मन के टैंक को निशाना बनाने में सक्षम है। एमपीएटीजीएम निशाना लगाने के साथ अग्नि नियंत्रण वाली प्रणाली है। यह दिन और रात, दोनों समय अभियान के लिए उपयुक्त है। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि इसके टेंडेम वारहेड सिस्टम का ट्रायल पूरा हो चुका है। इसे आधुनिक कवच-संरक्षित टैंक को हराने में सक्षम पाया गया। इससे पहले भी इस प्रणाली का विभिन्न क्षेत्रों में परीक्षण किया गया था।

### ढाई किलोमीटर रेंज

इस मिसाइल का रेंज ढाई किलोमीटर है। यानी यह ढाई किलोमीटर दूर स्थित दुश्मन के ठिकानों की पलक छपकते ही धज्जियां उड़ा सकता है।

### रक्षा मंत्री ने की सराहना

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इन सफल परीक्षणों के लिए डीआरडीओ और सेना की सराहना की है, और इसे उन्नत प्रौद्योगिकी-आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्मनिर्भरता हासिल करने की तरफ महत्वपूर्ण कदम बताया।

**14.50 किलोग्राम वजन और लंबाई 4.3 फीट**

इस मिसाइल का वजन 14.50 किलोग्राम और लंबाई 4.3 फीट है. इसे फायर करने के लिए दो लोगों की जरूरत होती है. इसमें टैंडम चार्ज हीट और पेनेट्रेशन वॉरहेड लगा सकते हैं। इस मिसाइल का रेंज ढाई किलोमीटर है। यानी यह ढाई किलोमीटर दूर स्थित दुश्मन के ठिकानों की पलक छपकते ही धज्जियां उड़ा सकता है।

## जरूरी खबर

### डॉक्टरों ने देशव्यापी हड़ताल ली वापस



**नई दिल्ली**। कोलकाता में महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या से आक्रोशित डॉक्टरों ने अपनी देशव्यापी हड़ताल वापस ले ली है। फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोरडा) ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद हड़ताल वापस लेने का फैसला किया। फोरडा के अध्यक्ष अविरल माथुर ने नड्डा से मुलाकात के बाद कहा कि स्वास्थ्य मंत्री ने हमें आश्वासन दिया है कि वो डॉक्टरों के लिए सुरक्षित कामकाजी माहौल मुहैया कराएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि हमारी मांगों पर समयबद्ध तरीके से कार्रवाई की जाएगी।

### 28 अगस्त से शुरू होंगे पेरिस पैरालंपिक्स



**पेरिस**। पेरिस में 28 अगस्त से पैरालंपिक की शुरुआत हो रही है। खेलों के इस महाकुंभ से पहले भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने मंगलवार को बड़ा दावा करते हुए कहा कि इस बार भारत पेरिस पैरालंपिक में 25 से अधिक पदक जीतेगा। उधर, विनेश फोगाट के सिल्वर मेडल के खेल कोर्ट यानी कोर्ट ऑफ आर्बिटरेशन फॉर स्पोर्ट्स (CAS) ने फैसला 16 अगस्त तक टाल दिया है। इससे पहले CAS ने 10 अगस्त को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखकर 13 अगस्त की तारीख तय की थी। इस मामले में डॉ. एनाबेले बेनेट को फैसला सुनाना है।

### आसाराम को मिली इलाज के लिए 7 दिन की पैरोल



**जोधपुर**। रेप केस में उम्र की सजा काट रहे आसाराम को जोधपुर हाई कोर्ट ने इलाज के लिए मंगलवार को 7 दिन की पैरोल दे दी। आसाराम पिछले 4 दिन से जोधपुर एम्स में भर्ती है। उसे आयुर्वेदिक इलाज के लिए पुणे के माधोबाग आयुर्वेदिक हॉस्पिटल ले जाया जाएगा।

**आपदा राहत कार्यों में सरकार की मुस्तैदी**


# मुख्यमंत्री शर्मा ने अतिवृष्टि और जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण

- सुबह सीएम आवास पर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली
- बाणगंगा नदी के गड्ढे में डूबे 7 युवकों के घर भी पहुंचे, परिवारजनों को बंधाया ढाढ़स
- हेलीपेड पर अधिकारियों दिए जरूरी निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में जारी भारी बारिश के बीच राहत कार्यों में जुटी सरकार पूरी तरह से एक्शन में है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों करौली, दौसा और भरतपुर जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया।

उन्होंने राजकीय पीजी महाविद्यालय, करौली में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जलभराव वाले क्षेत्रों में आपदा राहत कार्य मुस्तैदी से करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने दौसा जिले में लवाण, राहुवास, निर्झरना, लालसोट, करौली जिले में सपोटरा, हिण्डौन सिटी और भरतपुर जिले में महरावर, समोगर, धुरैरी, महुआली, नहरौली, थाना डांग, चहल, सिंघाडा, सीदपुर, पुराबाई खेडा और नदी गांव का हवाई सर्वे कर अतिवृष्टि से हुए जल भराव और नुकसान का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



### ये रहे मौजूद

बैठक में एसीएस सीएमओ शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव पीडब्लयूडी प्रवीण गुप्ता, प्रमुख सचिव सीएमओ आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास टी. रविकान्त, आयुक्त जेडीए मंजू राजपाल, जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित, हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, जयपुर ग्रेटर नगर निगम आयुक्त रुकमणि रियार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### जरूरत की वस्तुओं की न हो कमी

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव क्षेत्रों में प्रभावित लोगों को पेयजल, खाद्य सामग्री, दूध, चिकित्सा सुविधा सहित जरूरी चीजों की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अब तक किए गए आपदा राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### जल निकासी की समुचित व्यवस्था हो

सीएम ने भरतपुर जिले में हवाई सर्वे के दौरान जलभराव क्षेत्रों के साथ-साथ गंभीर नदी के तटीय क्षेत्रों का जायजा भी लिया। उन्होंने झील का बाड़ा हेलीपेड पर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर पानी निकासी एवं राहत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने गंभीर नदी के तटीय क्षेत्रों में बसे नागरिकों से बहाव क्षेत्र से दूर रहने का आग्रह किया।

### डूबे युवकों के परिजनों को योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री ने गत 11 अगस्त को बयाना क्षेत्र में गंगा नदी के गड्ढे में डूबे 7 युवकों के घर श्रीनगर गांव पहुंचकर घटना पर दुख व्यक्त किया और परिवारजनों को ढाढ़स बंधाया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मृतक के परिजनों को एसडीआरएफ मद से चार-चार लाख की सहायता राशि दी गई है। कलेक्टर को भी निर्देश दिए कि मृतक आश्रितों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

### उच्चाधिकारियों की बैठक में दिए राहत संबंधी निर्देश

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गत कुछ दिनों में जयपुर में हुई भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति के संबंध में मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री निवास पर उच्चाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारी बारिश से जयपुर शहर की साफ-सफाई, ड्रेनेज, सीवरेज, क्षतिग्रस्त सड़कों सहित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जयपुर शहर का दौरा करें तथा मुख्यमंत्री कार्यालय में इसकी प्रगति रिपोर्ट भिजवाएं। उन्होंने तत्काल राहत पहुंचाने तथा बचाव एवं राहत कार्यों में संवेदनशीलता के साथ काम करने को कहा। शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी नालों एवं ड्रेनेज सिस्टम की नियमित सफाई की जाए ताकि बारिश के समय उनमें अवरोध ना उत्पन्न हो। मुख्यमंत्री ने जयपुर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपस में समन्वय के साथ काम कर टूटी हुई सड़कों की मरम्मत तथा सड़क के गड्ढों को भरने पर विशेष ध्यान दें, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इसी तरह अन्य राहतों के संबंध में संबंधित विभागों को निर्देश दिए।

**भाजपा आज मनाएगी 'विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस'**

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर-घर फहराएगा तिरंगाः मदन राठौड़

**'घर-घर तिरंगा अभियान" का उद्देश्य राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सद्भाव लाना**



**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा ने पूरे प्रदेश में बुधवार को 'विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस' मनाने की घोषणा की है। यह बात मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 'घर-घर तिरंगा अभियान' और 'विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस' पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कही। इसके अलावा राठौड़ ने 15 अगस्त को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर-घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 'घर-घर तिरंगा' फहराने की गौरवमयी अपील की है। तिरंगा देशवासियों की आन-बान और शान है। राठौड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को देश के 140 करोड़ देशवासियों के लिए गौरव के इस पर्व को तिरंगा अभियान से जोड़कर दोगुना करने का काम किया है।

### तिरंगे के रंग में रंगेगा पूरा प्रदेश

मदन राठौड़ ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सभी अपने घर, प्रतिष्ठान, गली, मोहल्लों में तिरंगा फहराएंगे। वहीं, 14 अगस्त को भाजपा विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाएगी। 14 अगस्त 1947 को लाखों लोग इधर से उधर हो गए, घर छूटा, परिवार छूटा, लाखों की जानें गईं। यह दर्द विभाजन का था। ऐसे में भारत के लिए यह विभीषिका से कम नहीं था। इसी दर्द को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का ऐलान किया था। राठौड़ ने 'आजादी आई आधी रात' पुस्तक की चर्चा करते हुए कहा कि 1947 के उस क्षण को यादकर आज भी लोगों की रूह कांप जाती है। एक ओर आजादी की खुशी थी तो दूसरी ओर आजादी के बाद हुए विभाजन का दुख भी था। कांग्रेसी नेताओं ने देश को धर्म के नाम पर विभाजित करने का काम किया। अब एक बार फिर से विपक्षी ताकतें देश को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम कर रही है, लेकिन हम सब एकजुट है। विपक्ष के मंसूबों को पूरा होने नहीं देंगे। प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ, सबका प्रयास और सबका विकास की नीति पर कार्य कर रहे हैं। इस दौरान मंच पर तिरंगा अभियान के संयोजक एवं पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी और भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ उपस्थित रहे।

**जमानत नियम UAPA जैसे केस में भी लागू, सुप्रीम कोर्ट बोला...**

# बेल न देना मौलिक अधिकार का उल्लंघन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि जमानत नियम है और जेल अपवाद, यह कानूनी सिद्धांत यूएपीए जैसे स्पेशल केस में भी लागू होता है।

कोर्ट ने कहा कि जिन मामलों में जमानत मिलनी चाहिए, अगर अदालतें उनमें बेल से मना करने लगेंगी तो यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। जस्टिस अभय ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज की बेंच ने कहा, "प्रॉसीक्यूशन के आरोप गंभीर हो सकते हैं, लेकिन यह अदालत का कर्तव्य है कि वो कानून को ध्यान में रखते हुए जमानत पर विचार करे।" साथ ही अदालत ने कहा कि जमानत के मामले में हाई कोर्ट और ट्रायल कोर्ट सुरक्षित खेल रहे हैं। सजा के तौर पर जमानत से इनकार नहीं किया जा सकता। इसे साथ ही कोर्ट ने आरोपी जलालुद्दीन खान को जमानत दी। जलालुद्दीन पर अपने मकान की ऊपरी मंजिल पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (PFI) के मेंबर्स को किराए पर देने का आरोप था। उसके खिलाफ UAPA के तहत केस दर्ज किया गया था।

**हाल-ए-मौसम**

# मौसम के दो रूप... जयपुर में धूप, तो कई जिलों में बारिश

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की राजधानी जयपुर समेत कई इलाकों में सप्ताहभर से बारिश का दौर चलने के बाद बुधवार को मौसम के दो अलग अलग रूप देखने को मिले। जयपुर में करीब 4 दिन बाद धूप खिली तो लोगों के चेहरे खिल उठे। हालांकि अलसुबह हुई बारिश से लगा था कि दिनभर बदरा बरसेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उधर, मंगलवार को प्रदेश के 6 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश का दौर चला। जोधपुर में दिनभर रुक-रुक हुई बारिश ने हाल बेहाल कर दिया। यहां शाम करीब 5 बजे बाद भारी बारिश के कारण शहर तर बतर हो गया। तेज बारिश के बाद एमडीएम रोड पर जल भराव हो गया। सड़कें लबालब हो गई। कई वाहन सड़कों पर भरे पानी में फंस गए। इसी तरह करौली में लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। फिलहाल यहां बारिश से एक दो दिन निजात नहीं मिलने की संभावना जताई गई है। नागौर में मंगलवार दोपहर बाद रिमझिम बारिश हुई। चित्तौड़गढ़ शहर में मंगलवार शाम करीब 5:15 बजे तेज बारिश शुरू हुई। सीकर के धोद रोड पर तेज बारिश के चलते एक मकान गिर गया। हालांकि यहां कोई जनहानि नहीं हुई। धौलपुर जिले के आंगई पार्वती बांध के चार गेट खोले गए, जिसके बाद मंगलवार सुबह राजाखेड़ा क्षेत्र के नादोली गांव की रपट पर करीब एक फ़ीट पानी की चादर चलने लगी।



### यूं रहा बारिश पैरामीटर

मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक बीते चौबीस घंटे में राज्य में सबसे अधिक 163 मिमी बारिश दौसा के महवा में हुई। इसके अलावा बूंदी के नैनवा में 161 मिमी, जयपुर के सांगानेर में 152 मिमी, जयपुर के माधोराजपुरा में 136 मिमी बारिश हुई जो अति भारी बारिश की श्रेणी में आती है। इस दौरान करौली और बीकानेर सहित कई जिलों में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश हुई।

### नाला पार करते बहे 3 युवक, दो लापता

करौली जिले के करणपुर थाना क्षेत्र स्थित अमरापुर के मावई के नाले को सोमवार देर रात पार करते समय तीन युवक बह गए। इस दौरान एक युवक ने तैरकर जान बचाई, वहीं दो युवक नाले के तेज बहाव में बह गए।

### 16 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना

मौसम केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पूर्वी प्रदेश में 15-16 अगस्त तक बारिश का दौर यूं ही जारी रहने वाला है। कहीं-कहीं भारी बारिश की आशंका जताई गई है। बीकानेर और जोधपुर संभाग में 15 अगस्त तक कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

**अनूपगढ़ में सबसे ज्यादा मामले**

# अब ड्रोन से सीमावर्ती जिलों में हो रही हेरोइन की तस्करी

**बेधड़क** | जयपुर

पंजाब में सख्ती के बाद पाकिस्तान से भारत में ड्रोन से हेरोइन तस्करी की जा रही है। बीएसएफ और प्रशासन की सख्ती के बाद इस तस्करी पर अंकुश नहीं लग रहा है। हाल ही में अनूपगढ़ में फिर से तस्करों ने पाक से 3 किलो हेरोइन भेजी थी। पुलिस और बीएसएफ के आंकड़ों की मानें तो पिछले 18 माह में सीमावर्ती जिलों में ऐसे 52 मामले सामने आए हैं, इनमें तस्करों द्वारा 22 बार ड्रोन से अफीम और हेरोइन भेज चुके हैं। सूत्रों का दावा है कि ये तो वो मामले हैं, जो प्रशासन व बीएसएफ ने पकड़े हैं। जबकि तस्करी जारी है। उन तस्करों से सीमावर्ती जिलों में रहने वाले लोग जुड़े हुए हैं। बीएसएफ व प्रशासन ने ऐसे 150 से ज्यादा लोगों को चिह्नित करके उन पर निगरानी करना शुरू कर दिया है। बीएसएफ और पुलिस की ओर से सिर्फ अनूपगढ़ में ही पिछले सात महीने में ही पाक से आई कुल 38.478 किलो हेरोइन को जब्त किया जा चुका है। हेरोइन तस्कर पहले पंजाब में स्थित भारत-पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर से तस्करी करते थे।

## जरूरी खबर

### विधानसभा का 22 दिन और 175 घंटे चला द्वितीय सत्र



**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोलहवीं विधानसभा के द्वितीय सत्र को मंगलवार मध्यान्ह पश्चात 1:53 बजे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया। इस सत्र में स्पीकर देवनानी ने नवाचार किए। देवनानी ने पर्ची व्यवस्था इस सत्र से पुनः आरंभ की। 15वीं विधानसभा में पर्ची व्यवस्था को बंद कर दिया गया था। देवनानी ने विधायकों से अपने क्षेत्र के अनुभवों और नवाचारों पर विचार रखवाए। विधानसभा में यह नवाचार पहली बार हुआ है। देश की विधानसभाओं में भी राजस्थान विधान सभा ही ऐसी विधानसभा होगी, जहां विधायकों के अनुभवों पर विचार रखे गए। अध्यक्ष ने इस सत्र में वार्षिक प्रगति प्रतिवेदनों पर भी सदन में चर्चा करवाई। अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि द्वितीय सत्र में कुल 22 बैठकें हुई और छह अगस्त को कार्यवाही समाप्त होने तक लगभग 175 घंटे 13 मिनट कार्यवाही चली।

### डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद ने किया पोस्टर लॉन्च

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने मंगलवार को 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले देशभक्ति संगीत कार्यक्रम हमारी शान तिरंगा का पोस्टर का लॉन्च किया। यह कार्यक्रम सैलूट तिरंगा और सुर गंगा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को साइंस पार्क ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा।

### सक्षम व्यक्ति स्वेच्छा से ले सकता है योजना से नाम वापस



**जयपुर।** प्रदेश हित में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा गिव अप अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत सक्षम व्यक्ति स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम वापस ले सकता है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने अपील की है कि सक्षम व्यक्ति गरीब, भाई-बहिन व परिवार के लिए योजना के लाभ को गिव अप कर गरीब कल्याण में अपनी भूमिका निभाएं। गोदारा ने बताया कि सक्षम होने की वजह से स्वयं अपना नाम हटवाएं ताकि उनके हिस्से का अन्न गरीबों के काम आए। गरीब कल्याण की भावना को साकार करने के परिप्रेक्ष्य में गिव अप करने वाले के विरुद्ध किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जाएगी।

## सीएम के दिल्ली दौरे के बीच मंत्रिमंडल फेरबदल को लेकर सियासी गलियारों में चर्चा जोरों पर

# मंत्रिमंडल में बदलाव जल्द... हो सकती है कई मंत्रियों छुट्टी!

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री जयपुर। एक बार फिर मंत्रिमंडल फेरबदल को लेकर सियासी गलियारों में चर्चा ने जोर पकड़ लिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष से भी मुलाकात की।

दिल्ली में सीएम की पार्टी नेताओं से इस मुलाकात के बाद में अब इस बात की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है कि प्रदेश में जल्दी मंत्रिमंडल में फेरबदल होने जा रहा है। बताया यह अभी जा रहा है कि बदलाव 15 अगस्त के बाद कभी भी हो सकता है। यहां तक कि राजनीतिक गलियारों और सोशल मीडिया पर तो 18 अगस्त को मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा हो रही है। सूत्रों की मानें तो सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने एक दिवसीय दिल्ली दौरे के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष से करीब 40 से 45 मिनट तक मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश सरकार और भाजपा संगठन के कामकाज को लेकर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि कुछ मंत्रियों के कामकाज की रिपोर्ट दिल्ली में ठीक नहीं है। ऐसे में इस मुलाकात में इन मंत्रियों का भी फीडबैक लिया गया है। इससे पहले मंत्रियों से जुड़ा एक फीडबैक प्रदेश की सह प्रभारी विजया राहटकर भी दे चुकी हैं। प्रदेश में मंत्रियों की फीडबैक को लेकर दिल्ली में हो रही चर्चा इस बात की ओर इशारा कर रही है कि प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार जल्द होने जा रहा है। मुख्यमंत्री और बीएल संतोष की मुलाकात को मंत्रिमंडल विस्तार से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पिछले दिनों राज्यपाल से भी मिल चुके हैं।



### मंत्रिमंडल में हो सकते हैं 30 सदस्य

नियमानुसार प्रदेश की सरकार कुल विधायकों के 15 प्रतिशत सदस्य ही मंत्री बना सकती है। प्रदेश की विधानसभा में 200 सदस्य हैं। ऐसे में सीएम सहित कुल 30 मंत्री बनाए जा सकते हैं। वर्तमान में भजनलाल सरकार में सीएम सहित 24 मंत्री बने हुए हैं और 6 मंत्री पद खाली हैं, वहीं, डॉ. किरोड़ी मीणा ने इस्तीफे दे रखा है, जिस पर निर्णय होना बाकी है। ऐसे में यदि सरकार 4 से 5 मंत्रियों को हटाती है तो 9 से 10 नए विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है। हालांकि संभावना यह भी जताई जा रही है कि खाली सभी मंत्री पदों को भरने की जगह दो से तीन मंत्री पद खाली रखे जा सकते हैं, जिन्हें 6 सीटों पर होने वाले उपचुनाव के बाद भरा जाए, क्योंकि उपचुनाव में जो जीत कर आएगा वो पार्टी के लिए बड़ी उपलब्धि के तौर पर होगी।

### मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड तैयार

बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में हुई हार का असर इस मंत्रिमंडल फेरबदल और विस्तार में दिखेगा, जिन विधायकों ने अच्छा परिणाम दिया है, उनको मंत्री पद से नवाजा जा सकता है और जिन मंत्रियों के यहां परिणाम खराब आया और मंत्री के रूप में छह माह की परफार्मेंस भी खराब रही है, ऐसे मंत्रियों को हटाया भी जा सकता है। सूत्रों की मानें तो जिन मंत्रियों की परफॉर्मेंस खराब है, उन मंत्रियों की रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को भेजी जा चुकी है। 4 से 5 मंत्रियों के नाम शामिल हैं, इसमें दो कैबिनेट और बाकि राज्य मंत्री हैं। इनमें से कुछ मंत्रियों के अलग-अलग मामलों में शिकायतें दिल्ली में ज्यादा पहुंची हैं। गलियारों में चर्चा है कि कुछ मंत्रियों की पैसे को लेकर शिकायत दिल्ली पहुंची तो केंद्रीय नेतृत्व ने इसकी रिपोर्ट प्रदेश सरकार से मांगी है।

## सीएम और BJP अध्यक्ष ने हर घर तिरंगा अभियान का किया आगाज

# 'घर-घर तिरंगा अभियान में हम सभी को बनना है सहभागी'

**बेधड़क** | जयपुर

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भाजपा की ओर से हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ मंगलवार को तिरंगा यात्रा से किया गया। यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने हरी झंडी दिखाकर किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि देश की एकता और अखंडता के लिए 'घर-घर तिरंगा अभियान' में हम सभी को सहभागी बनना है। शर्मा ने मंगलवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भाजपा की ओर से घर-घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह तिरंगा हमारा स्वाभिमान, अभिमान और राष्ट्र का गौरव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अमृतकाल के दौरान घर-घर तिरंगा अभियान शुरू किया था और अब हमें इस अभियान में शामिल होकर घर-घर तिरंगा फहराना है। तिरंगा फहराने के साथ हमें राष्ट्र के गौरव को आगे बढ़ाना है।

तिरंगा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि घर-घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली जा रही तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करना, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सद्भाव एवं स्वाधीनता के आंदोलन से जुड़े सेनानियों को याद करना है। तिरंगा देशवासियों की आन-बान और शान है। इसे हमें सदैव बरकरार रखना है।

उन्होंने कहा कि यात्रा का लक्ष्य और उत्सव तभी पूर्ण होगा जब देश का प्रत्येक नागरिक देश को आगे बढ़ाते हुए 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेगा। राठौड़ ने कहा कि आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को सदैव याद रखना चाहिए और आज की युवा पीढ़ी को आजाद हिंद देश की उपलब्धियों पर चर्चा करनी चाहिए। आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की ओर अग्रसर है।





### कार्यक्रम में ये भी रहे मौजूद

तिरंगा यात्रा में सांसद घनश्याम तिवाड़ी, सांसद मंजू शर्मा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, तिरंगा अभियान के संयोजक एवं पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, विधायक एवं भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, नाहर सिंह जोधा, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, बाल मुकुंद आचार्य, कल्पना देवी, किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी, भाजपा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, भूपेंद्र सैनी, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची, महापौर सौम्या गुर्जर, जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, जयपुर देहात जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर, श्याम शर्मा सहित भाजपा के नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अलवर शहर में जगन्नाथजी मंदिर से निकली तिरंगा रैली

# शहीदों के सपनों का बनाएंगे भारत: भूपेंद्र यादव

**जयपुर।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री एवं सांसद भूपेंद्र यादव एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित तिरंगा यात्रा को अलवर जिला स्थित जगन्नाथ मंदिर से लहराकर रवाना किया। साथ ही तिरंगा यात्रा में शामिल होकर राष्ट्रीय एकता व देशभक्ति का संदेश दिया। उन्होंने जगन्नाथ महाराज के मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

शहीद स्मारक पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री ने शहीदों को पुष्प अर्पित किए। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान आमजन की सहभागिता के साथ प्रदेशभर में आयोजित किया जा रहा है, जो प्रगतिशील भारत, देश की संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद करने और जश्न मनाने के लिए भारत सरकार की ओर से की जाने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शहीदों के सपनों का भारत बनाएंगे। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों पर तिरंगा लगाकर राष्ट्रीय पर्व स्वाधीनता दिवस को हर्षोल्लास से मनाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धरती मां को कृतज्ञता प्रकट करने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान संचालित किया गया है जिसके तहत भूरासिद्ध स्थित मातृ वन में जनसहभागिता से विभिन्न प्रजातियों के 8 हजार पौधे लगाए गए हैं जिससे पर्यावरण संरक्षित होने के साथ-साथ शहरवासियों को शुद्ध वायु मिलेगी।



## प्रोफाइल पर कैबिनेट मंत्री लिखकर हटाया

# बारिश के हालात का जायजा लेने निकले किरोड़ी



**बेधड़क** | जयपुर

भजनलाल सरकार के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे चुके किरोड़ीलाल मीणा सोशल मीडिया प्रोफाइल में कैबिनेट मिनिस्टर लिखकर एक बार फिर मंत्री पद संभालने के संकेत दिए थे, लेकिन कुछ ही घंटों में इसे हटा लिया। मीणा ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया बायो (एक्स) पर एक बार फिर खुद को कैबिनेट मिनिस्टर बताया था। करीब डेढ़ घंटे बाद उन्होंने प्रोफाइल से वापस कैबिनेट मिनिस्टर हटा लिया। अब प्रोफाइल पर केवल एमएलए सवाई माधोपुर लिखा हुआ है।

डॉ. किरोड़ी पिछले दो दिनों से लगातार प्रदेश में आपदा प्रबंधन की स्थिति का जायजा ले रहे थे। डॉ. किरोड़ी ने मंगलवार को दौसा जिले के महुआ शहर का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की और जलभराव से निपटने के लिए तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जलभराव वाले इलाकों का निरीक्षण किया और बाणगंगा नदी में पानी छोड़ने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ महुआ के विधायक राजेंद्र प्रधान और अधिकारी भी मौजूद थे। मीणा अपने इस्तीफे की पेशकश के बाद से अपने विभाग के कामों में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रहे थे, लेकिन पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश के बाद वह एक्शन में आ गए। इस दौरान डॉ. किरोड़ी मीणा की एक तस्वीर जमकर वायरल हो रही है, जिसमें वह कार्यकर्ता की पीठ पर बैठकर दौरा करते नजर आ रहे हैं। डॉ. किरोड़ी मंगलवार को भरतपुर के बयाना पहुंचे। उन्होंने यहां दो दिन पहले हुई सात युवकों की मौत पर संवेदना व्यक्त की और पीड़ित परिवारों को चार-चार लाख के चेक दिए। यह चेक आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से दिए गए हैं।

# एसीएस ने किया चाकसू क्षेत्र का दौरा

**चाकसू।** चाकसू उपखंड में लगातार हो रही बारिश से बिगड़े हालात और आपदा प्रबंधन की व्यवस्थाओं की जानकारी को लेकर प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि लगातार दौरे कर रहे हैं। इसी को लेकर मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा चाकसू क्षेत्र के दौरे पर रहीं। उन्होंने चाकसू कस्बे में पहुंचकर अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने क्षेत्र में बारिश के बाद बिगड़े हालातों का जायजा लिया। अरोड़ा ने क्षेत्र के तालाब, बांध और जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों से आपदा प्रबंधन को लेकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने चाकसू के बाईपास स्थित विद्युत निगम के 220 केवी जीएसएस का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक रामावतार बैरवा, एडीएम प्रथम सुरेश नवल, उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा आदि मौजूद रहे।

## डिप्टी सीएम ने किया मूर्ति का अनावरण

# देशभक्ति की अनूठी मिसाल थे वीर दुर्गादास राठौड़: दिया कुमारी

**बेधड़क** | जयपुर

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को बालोतरा जिला स्थित कनाना में वीर दुर्गादास राठौड़ की मूर्ति का अनावरण किया। इस दौरान केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत साथ रहे।

वीर दुर्गादास राठौड़ की मूर्ति का अनावरण में आमजन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि हमारी स्वतंत्रता वीर महापुरुषों के त्याग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत कर समाज के हर वर्ग के विकास की राह प्रशस्त करने के कार्य किया है। हमारा प्रयास रहेगा की समाज के हर वर्ग की मांगों को पूरा किया जाए। राज्य सरकार सड़क विकास का कार्य प्राथमिकता के साथ कर रही है। उन्होंने कहा कि बालोतरा समदड़ी के 32 किमी सड़क निर्माण का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है, जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। इस दौरान केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि वीर दुर्गादास राठौड़ के बिना हमारा इतिहास अधूरा है। भारतीय इतिहास में ऐसे कई वीर योद्धा हुए है जो प्रातः स्मरणीय है, जिनसे हम प्रेरणा ले सकते हैं। सामान्य परिवार में जन्म लेने वाले वीर दुर्गादास राठौड़ के समान कोई युद्धा नहीं हो सकता। उन्होंने सनातन संस्कृति को बचाने के लिए अपने वर्चस्व का त्याग किया। अपनी कई पीढ़ियां कुर्बान कर दी।



### बदलाव के दौर से गुजर रहा है भारत: शेखावत

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि आज भारत बदलाव के दौर से गुजर रहा है। आज हमारे पास अपने देश को विश्व में अग्रणी एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने का अवसर है। हमें देश के विकास में अवरोध बनकर नहीं बल्कि विकास के पहिए को गति देने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, पचपदरा विधायक डॉ अरुण चौधरी, चौहटन विधायक आदुराम मेघवाल, बालोतरा जिला प्रदेशाध्यक्ष बाबूसिंह राजपुरोहित, बालाराम मूढ़ समेत जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।



बालोतरा के कनाना गांव में लगी वीर दुर्गादास की मूर्ति

## जरूरी खबर

### हज के लिए आवेदन शुरू, 9 सितंबर तक भरे जाएंगे



**जयपुर।** हज यात्रा 2025 के लिए आवेदन मंगलवार से शुरू कर दिए गए हैं। राजस्थान स्टेट हज कमेटी अध्यक्ष अमीन कागजी ने बताया कि हज यात्रा 2025 के आवेदन पत्र 9 सितंबर तक ऑनलाइन भरे जाने हैं। हज हाउस जयपुर में आवेदन पत्र ऑनलाइन भरे जाने के लिए ई-सुविधा केन्द्र की स्थापना की गई है और ब्लड ग्रुप जांच के लिए मेडिकल टीम की व्यवस्था की जा रही है। आवेदन पत्र भरने और उसकी जांच के उपरांत हज हाउस में कवर नम्बर जारी किया जाएगा। हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in अथवा आई फोन/एनड्रोईड मोबाइल एप "HAJ SUVIDHA" पर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की सुविधा उपलब्ध है।

### जज का सुनवाई से इनकार, दूसरी बैंच में लगेगा मामला

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण लोकसभा चुनाव के परिणाम को लेकर दायर चुनाव याचिका पर हाई कोर्ट में जस्टिस उमाशंकर व्यास की बैंच ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया। इसके बाद अब मुख्य न्यायाधीश के निर्देश पर मामला दूसरी बैंच में लगेगा। मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा की चुनाव याचिका जस्टिस उमाशंकर व्यास की बैंच में लगी थी, लेकिन जस्टिस व्यास ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया। याचिका में चौपड़ा ने अदालत से वोटों की फिर से गिनती करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि रिर्टनिंग ऑफिसर ने जो 2738 पोस्टल बैलेट खारिज किए वो हमें नहीं दिखाए गए, जबकि रिप्रजेंटेशन पीपुल्स एक्ट कहता है कि खारिज मत पत्रों को प्रत्याशी को दिखाया जाना चाहिए। वहीं, हमारी हार का अंतर खारिज मत पत्रों की संख्या से भी कम है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सर्व हिंदू समाज निकालेगा रैली

# आज दोपहर तक बाजार बंद, रामलीला मैदान में दिखेगा जनाक्रोश

बेधड़क । जयपुर

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बुधवार को सर्व हिंदू समाज की ओर से सुबह 11 बजे न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान में जन आक्रोश प्रदर्शन होगा। इसके बाद रामलीला मैदान से सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता होते जन आक्रोश रैली निकाली जाएगी जो वापस न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान पहुंच कर संपन्न होगी। यह निर्णय मंगलवार को राजपूत सभा भवन में सर्व हिंदू समाज की बैठक में लिया गया। उधर, जयपुर व्यापार महासंघ भी दोपहर 12 बजे तक व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध जताएगा। साधु-संतों के साथ बैठक में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बात रखते हुए जन आक्रोश रैली को हाथ उठाकर सफल बनाने का संकल्प लिया। न्यू गेट स्थित राम लीला मैदान में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन में रामधुनि और देश भक्ति गीत होंगे। साधु-संतों के उद्बोधन के बाद विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि संबोधित करेंगे। इस मौके पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी होगा।



### व्यापारिक प्रतिष्ठान रहेंगे बंद

बांग्लादेश में नरसंहार के विरोध में दोपहर 12 बजे तक व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे जाएंगे। जयपुर व्यापार महासंघ ने बंद का निर्णय लिया है। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेश सैनी, कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बज, संरक्षक वीरू राणा, प्रमुख सलाहकार राजेन्द्र गुप्ता, हुकुमचंद, कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता ने संयुक्त रूप से सभी व्यापार मंडल के अध्यक्ष और महामंत्री से अनुरोध किया है कि वे बाजार बंद का पूर्ण रूप से सहयोग कर औरे जन आक्रोश रैली में शामिल हों।

### गोविंद के दरबार में होगा नाम संकीर्तन

आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में हरिनाम संकीर्तन किया जाएगा। गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि बांग्लादेश में शांति कायम हो और वहां रह रहे हिंदुओं पर अत्याचार रुके इसके लिए ठाकुरजी से प्रार्थना की जाएगी। उधर, गलताजी में तर्पण का कार्यक्रम होगा। बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा जिन हिंदुओं की हत्या की गई उनकी आत्मशांति के लिए तर्पण किया जाएगा। इस्कॉन टेंपल और कृष्ण बलराम मंदिर में भी राम-कृष्ण नाम संकीर्तन कर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की सद्बुद्धि की प्रार्थना की जाएगी। कई स्थानों पर कैंडल मार्च भी निकाले जाएंगे। छात्र संगठन भी अपने स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## निगम अधिकारियों ने किया जलभराव वाले इलाकों का दौरा

# आमजन की सुविधा और स्वास्थ्य के लिए नगर निगम का 'पैचवर्क'

**परकोटे के बाजार सहित अन्य जगह करीब 100 से अधिक स्थानों पर सड़कों की मरम्मत**

**हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा की ओर से वार्डों में किया जा रहा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव**



बेधड़क। जयपुर

राजधानी में तीन से लगातार हो रही बारिश के बाद मंगलवार को हेरिटेज निगम ने बारिश के कारण टूटी सड़कों का पेचवर्क करना शुरू कर दिया। सडको पर हुए गड्ढों से वाहन चालक परेशान नहीं हों, इसके लिए सुबह से ही निगम के इंजीनियरों टीम ने पेचवर्क का कार्य शुरू करा दिया। ऐसे में निगम अधिकारियों ने अपनी देखरेख में परकोटे के बाजार सहित अन्य मार्गों पर भी करीब 100 से अधिक जगहों पर पेचवर्क कार्य कराए। वहीं हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा भी दिन भर शहर के दौरे पर रहे। आयुक्त सुराणा ने सड्क पर किए जा रहे पेचवर्क कार्यों का निरीक्षण किया और निगम अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।



### परकोटे के बाजारों में तेजी से किया गया काम

मंगलवार को बारिश के थमते ही परकोटे में निगम के अधिकारी फील्ड में पहुंच गए। परकोटे में चांदपोल, खजाने वालों का रास्ता, छोटी चोपड, बडी चोपड, त्रिपोलिया बाजार, न्यू गेट, बापू बाजार लिंकरोड, घाटगेट फुटाखुर्रा आदि जगहों पर पेचवर्क किया गया। किशनपोल जोन एक्सईन योगेश कुमावत ने बताया कि परकोटे के वार्डों में सड़कें बारिश से टूट गई, जिन्हें सीमेंट—कांक्रेट से गड्ढों को ठीक किया गया। करीब 30 से अधिक स्थानों पर सडक ठीक की गई। आगे भी पेचवर्क का काम किया जाएगा। इसी तरह अन्य स्थानों में एमआई रोड, सी स्कीम, शास्त्री नगर, सोडाला, मालवीय मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, आमेर रोड, दिल्ली रोड, मानबाग पर भी पेचवर्क कार्य किया गया।

### हेरिटेज आयुक्त ने जयसिंहपुरा खोर में किया निरीक्षण

हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने वार्ड नंबर 13 और 14 में जयसिंहपुरा खोर, मानबाग, जयसिंह नगर इलाके का भी निरीक्षण किया। इन जगहों पर जलभराव पर निगम प्रशासन की व्यवस्थाएं देखी। आयुक्त के साथ अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवन कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों को बारिश का पानी नालों में जाने को लेकर प्लानिंग बनाने के निर्देश दिए। आयुक्त सुराणा ने बताया कि हेरिटेज निगम के चारों जोन में स्थित सामुदायिक भवन तैयार है। बारिश में जल भरने पर लोगों को शिफ्ट किया जाएगा। सामुदायिक भवन में उनके खाने-पीने की भी निगम व्यवस्था कर रहा है, साथ ही आयुक्त अभिषेक सुराणा ने लोगों को बारिश में जलभराव वाले स्थानों से दूर रहने अपील की।

### पहले से ट्रीटमेंट... ताकि मच्छर पैदा ही नहीं हों



**जयपुर।** शहर में हो रही बारिश के बाद हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा की ओर से वार्डों में कीटनाशक दवाई का छिडकाव शुरू करा दिया गया है। उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि बारिश के पानी में मच्छर पनप जातें है। वें नहीं पनपें, इसके लिए कीटनाशक दवाई का छिडकाव कराया जा रहा है। मुख्य सडकों पर जहां पानी भरा हुआ है, वहां पर सफाई की जा रही है। जिससे कि मच्छर नहीं पनपें। सभी स्वच्छता प्रहरियों को भी ओपन डिपो खत्म करने और नालियां साफ करने के निर्देश दिए है। साथ ही व्यवसायिक स्थलों पर गंदा पानी इकट्ठा होने पर चालान भी काटा जाएगा।

### हेरिटेज निगम ने की अपील, खाने-पीने की चीजों को ढककर रखें, गंदगी नहीं फैलाएं

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सोनिया अग्रवाल ने बताया कि हेरिटेज निगम की ओर से आमजन से अपील की गई है कि आमजन अपने घरों के आसपास पानी को ठहरने नहीं दें और सफाई रखें। खाने—पीने की चीजों को ढककर रखें। नालियों को साफ रखें। घरों का कचरा सड़क पर नहीं फेंके, उसे हूपर में ही डालें। किसी जगह पर ज्यादा पानी और गंदगी इकटठा है तो तुरंत निगम के कंट्रोल रूम को सूचित कर सफाई कराएं। पानी के टैंक में कीटनाशक दवा डलवाएं। जिससे कि मच्छर का लार्वा नहीं बनें।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

# 12 ढाबों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री के नमूने लिए



बेधड़क। जयपुर

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण टीम ने मंगलवार को सवाई मानसिंह चिकित्सालय बांगड़ अस्पताल, जेके लोन हॉस्पिटल के आसपास स्थित 12 ढाबों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री के नमूने लिए। साथ ही निरीक्षण में पाई गई कमियों के क्रम में नोटिस जारी किए गए। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा है, जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी ढाबे एवं थड़ी वालों को साफ सफाई की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि अस्पताल परिसर के आसपास स्थित सभी थड़ी, ढाबों व भोजनालय पर नियमित अंतराल से पुनः निरीक्षण की कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्घटना में महिला की मौत

# JCB ने टक्कर मारी, पत्नी को लहूलुहान देख पति बेहोश

बेधड़क। जयपुर

राजधानी में मंगलवार सुबह जेसीबी की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। वह पति के साथ घर जाने के लिए पैदल निकली थी। जेसीबी की टक्कर से लहूलुहान रोड पर गिरी पत्नी को देखकर पति बेहोश हो गया। एक्सीडेंट थाना (ईस्ट) के हेड कॉन्स्टेबल दिलीप ने बताया कि हादसे में वंदना (35) पत्नी राकेश निवासी पड़ासोली दूदू की मौत हो गई। वह अपने पति राकेश के साथ जयपुर आई थी। सुबह करीब 10:15 बजे दंपती पैदल SMS हॉस्पिटल के सामने वापस घर जाने के लिए पैदल जा रहे थे। इसी दौरान SMS हॉस्पिटल में निर्माणाधीन बिल्डिंग के काम में लगी जेसीबी पीओपी कट्टे लेकर गेट नंबर-6 से बाहर निकल रही थी। पैदल जा रही वंदना जेसीबी की चपेट में आ गई। टक्कर लगने से वह लहूलुहान हालत में रोड पर गिर गई। इसे देखकर पति राकेश बेहोश हो गया। लोगों ने तुरंत दोनों पति-पत्नी को एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान वंदना को मृत घोषित कर दिया। पति राकेश को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने जेसीबी को जब्त कर ड्राइवर मोहम्मद शमशाद को डिटेन किया है।

## ब्रेनडेड होने पर परिजनों ने किया अंगदान

# तीन लोगों को नई जिंदगी दे गई संतोष

बेधड़क । जयपुर

सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में ब्रेनडेड हुई एक महिला के परिजनों ने उसके अंगों का दान किया। ब्रेनडेड महिला की दोनों किडनी एसएमएस हॉस्पिटल में, जबकि लिवर जयपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल भेजा गया है।

एसएमएस हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन और प्रवक्ता डॉक्टर मनीष अग्रवाल ने बताया- झुंझुनूं के बुहाना के नजदीक रहने वाली 46 साल की संतोष का चार दिन पहले रोड एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें वह गंभीर घायल हो गई थी।






### किडनी ट्रांसप्लांट एसएमएस में

डॉक्टर मनीष अग्रवाल ने बताया कि संतोष की दोनों किडनी एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती दो मरीजों को दी गई। वहीं, लिवर के लिए कोई मरीज नहीं मिलने पर लिवर महात्मा गांधी हॉस्पिटल भेजने का फैसला किया है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि संतोष का हार्ट एक्सीडेंट के बाद ठीक से काम नहीं कर रहा था, जिसके कारण हार्ट का दान किया जाना डॉक्टरों ने उचित नहीं समझा।

### समझाया तो मान गए परिवारजन


उन्हें एसएमएस ट्रोमा सेंटर लाया गया, जहां उनका इलाज करके उनको बचाने का प्रयास किया गया। वह ब्रेनडेड हो गई। इसके बाद एसएमएस के डॉक्टरों की टीम ने परिजनों से समझाइश करके संतोष के अंग (किडनी, लिवर, हार्ट) दान करने की समझाइश की, जिस पर परिजनों ने सहमति दी। परिजनों की सहमति के बाद संतोष को ओटी में शिफ्ट करके उनके अंगों का दान किया गया। मंगलवार सुबह की उनकी पार्थिव देह को सम्मान के साथ परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## नाबालिगों ने की बालसुधार गृह से भागने की प्लानिंग

# CCTV के तार तोड़े...दीवार भी तोड़ी पर ऐनवक्त पर पुलिस ने किया फेल

बेधड़क। जयपुर

बालसुधार गृह में तैनात पुलिसकर्मियों ने नाबालिगों के भागने की कोशिश को नाकाम कर डाला। बालअपचारियों ने भागने के लिए मिलकर एक मीटिंग रखी थी। सीसीटीवी के तार तोड़कर दीवार में बड़ा छेद कर दिया था। पुलिसकर्मियों की सजगता के कारण बालअपचारियों के इरादे धरे रह गए। ट्रांसपोर्ट नगर थाने में बालसुधार गृह से भागने की प्लानिंग करने वाले चार मुख्य बालअपचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। एसआई हबीब खां ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर के सेठी कॉलोनी स्थित बालसुधार



गृह के अधीक्षक सुनिल भार्गव ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। 11 अगस्त को ड्यूटी पर केयर टेकर कन्हैयालाल, होमगार्ड इंचार्ज समय सिंह, सीसीटीवी फुटेज निगरानी पर प्रमोद कुमार बैरवा, पुलिस गार्ड कुलदीप, महिपाल, मनोज, सूरज और भवानी तैनात थे। जांच में सामने आया कि बालसुधार गृह में बंद चार बालअपचारियों ने भागने की प्लानिंग की थी। देर रात चारों आरोपी बालअपचारियों ने बालसुधार गृह में बच्चों की एक साथ मीटिंग रखी थी। बालसुधार गृह से भागने के लिए मीटिंग में पूरा प्लान बनाया गया। प्री-प्लान के तहत देर रात करीब 1:30 बजे बच्चों ने सीसीटीवी के तार तोड़कर बंद कर दिए। मेडिकल रूम का लॉक तोड़कर अंदर घुस गए। रूम के अंदर की दीवार को तोड़कर भागने के लिए बड़ा छेद तक कर डाला। बालसुधार गृह में तैनात पुलिसकर्मियों को समय रहते पता चला गया। बालसुधार गृह में तैनात पुलिसकर्मियों ने समय रहते पुलिस जाब्ता बुला लिया।

## जरूरी खबर

### एक को आजीवन कारावास, दूसरे को 7 साल की सजा



**चित्तौड़गढ़।** अपर जिला एवं सेशन न्यायालय बेगूं ने आठ साल पुराने हत्या के प्रयास के मामले में प्रकाशचंद्र गुर्जर को आजीवन कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है, वहीं दूसरे अभियुक्त शंकरलाल गुर्जर को सात वर्ष का कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। केस में अपर लोक अभियोजक फरीद मिर्जा ने 12 गवाह और 18 दस्तावेजी साक्ष्य तथा एक आर्टिकल पेश किया। एक आरोपी शंभूलाल गुर्जर मफरूर घोषित किया गया।

### दामाद ने ससुर साले-पत्नी पर किया जानलेवा हमला

**अजमेर।** रामगंज थाना क्षेत्र के अजयनगर में दामाद ने अपने ससुर, साले और पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। बाद में उसी चाकू से खुद का भी गला काट लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने चारों घायलों को लहूलुहान हालत में जेएलएन अस्पताल पहुंचाया। चारों का इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही रामगंज थानाधिकारी रविंद्र खींची अस्पताल पहुंचे। सीआई रविंद्र खींची ने बताया कि दामाद मनोज कुमार (24) ने अपने ससुर राजीव (48), साले हेमेंद्र (28) और पत्नी बीना (24) पर हमला कर दिया। अजमेर के रामगंज थाना इलाके की अजय नगर गुज्जर बास वाली गली की घटना है। तीनों लोग गंभीर घायल हैं।

### 25000 के इनामी बदमाश को इंदौर से किया अरेस्ट



**उदयपुर।** अपनी ही पत्नी पर एक साल पहले एसिड अटैक कर फरार 25000 के इनामी बदमाश मोहित रोहिडा को मध्यप्रदेश की इंदौर जेल से प्रोडक्शन वारंट से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को डेढ़ महीने पहले इंदौर पुलिस ने लूट के मामले में गिरफ्तार करके जेल भेजा था। पुलिस के अनुसार पिछले साल 4 जून को आरोपी रोहित ने उदयपुर के बाजार मालदास स्ट्रीट में खरीदारी कर रही अपनी पत्नी पर तेजाब फेंक दिया था। इसके बाद आरोपी पति फरार हो गया। एएसपी उमेश ओझा ने बताया कि आरोपी इंदौर में छिपा हुआ था और एक मामले में जेल में बंद था। प्रोडक्शन वारंट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर उदयपुर लाया गया।

---

**चूरू जिले के पीथीसर के रहने वाले रहमान को कुवैत से आते ही पुलिस ने पकड़ा**

# पाक लड़की से शादी...भारतीय पत्नी को तलाक देने वाला अरेस्ट

बेधड़क | चूरू

पुलिस ने चूरू जिले के रहने वाले रहमान को पाकिस्तानी लड़की महविश से शादी करने और पहली पत्नी फरीदा बानो से दहेज के लिए फोन पर तलाक देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। फरीदा बानो ने 27 जुलाई को अपने पिता के साथ भादरा थाने पहुंचकर इस घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

चूरू जिले के पीथीसर के रहने वाले रहमान ने पाकिस्तानी लड़की महविश से शादी की थी। रहमान की पहली पत्नी फरीदा बानो ने हनुमानगढ़ जिले के भादरा थाने में दहेज प्रताड़ना और फोन पर



तीन तलाक देने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की जांच की, लेकिन रहमान विदेश में था, जैसे ही रहमान कुवैत से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचा तो हनुमानगढ़ पुलिस ने उसे अरेस्ट कर लिया। हनुमानगढ़ के सीओ रणवीर सिंह ने बताया कि रहमान ने पाकिस्तानी लड़की महविश से शादी की थी।

यह मामला सामने आने के बाद रहमान की पहली पत्नी ने हनुमानगढ़ जिले के भादरा थाने में उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। उसने यह भी संदेह जताया था कि महविश पाकिस्तानी जासूस हो सकती है, उसकी जांच-पड़ताल होनी चाहिए।

### टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थी महविश



कुछ दिन पहले पाकिस्तानी लड़की महविश टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थी। वह अपने ससुराल भी पहुंची, जहां उसका स्वागत किया गया था। रहमान की पहली पत्नी ने अपने ससुराल वालों पर दहेज और मारपीट के कई आरोप लगाए थे। अब हनुमानगढ़ पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### 17 मार्च, 2011 को हुई थी शादी

भादरा की रहने वाली फरीदा बानो ने 27 जुलाई को अपने पिता के साथ भादरा थाने पहुंचकर इस घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका विवाह 17 मार्च, 2011 को चूरू जिले के पीथीसर तहसील के रहने वाले अली मोहम्मद के बेटे रहमान से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही फरीदा बानो को ससुराल में प्रताड़ित किया जाने लगा। दहेज में कभी पैसे तो कभी बाइक की मांग की जाती थी और पति भी बार-बार कहता था कि वह ज्यादा दिन उसके साथ नहीं रहने वाला है।

### रहमान के खिलाफ जारी था लुकआउट नोटिस

फरीदा और रहमान के दो छोटे बच्चे भी हैं। उनका भी स्कूल में दाखिला नहीं कराया गया। जब मामला ज्यादा बढ़ गया तो फरीदा अपने मायके आ गई और बच्चों का भी दाखिला वहीं करा दिया। फरीदा ने अपने ससुराल वालों और पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और रहमान द्वारा फोन पर तीन तलाक कहने का मामला दर्ज कराया था। इसके चलते रहमान के खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया गया था, क्योंकि वह उस वक्त कुवैत में था।

---

**डिप्टी सीएम ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

# एकता के सूत्र में पिरोता है 'हर घर तिरंगा अभियान': दिया

बेधड़क | जोधपुर

डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत जोधपुर कलेक्ट्रेट परिसर से जिला प्रशासन, जिला परिषद व आईसीडीएस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र प्रेम की भावना से जोड़ा है। यह समस्त देशवासियों को एकता के सूत्र में पिरोने का पर्व है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में हर वर्ग, हर श्रेणी के व्यक्ति का योगदान नितांत आवश्यक है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए हम सभी को हर संभव प्रयास करने हैं। उन्होंने प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने की अपील भी की।

उपमुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कार्मिकों, युवाओं महिलाओं सहित प्रत्येक व्यक्ति को तिरंगा प्रतिज्ञा भी दिलवाई। इसके साथ ही तिरंगा कैनवास पर हर घर तिरंगा का संदेश देते हुए हस्ताक्षर कर राष्ट्र भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत नशे के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर कर नशा मुक्ति का संदेश भी दिया।

सूर्यनगरी जोधपुर के निवासी 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा रैली के साक्षी बने। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से पावटा सर्कल, सोजती गेट, घंटाघर, पुलिस लाइन होती हुई के.एन. कॉलेज से पावटा सर्कल व पुनः कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। रैली में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, जिला परिषद, शिक्षा विभाग के कार्मिकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आदि ने वाहनों पर भारत माता की जय जयकार के साथ देशभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा निकाली।



### MLA ने किया स्वागत

जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली व शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ ने कार्यक्रम स्थल पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने उपमुख्यमंत्री को पौधा भेंट कर उनका अभिनंदन किया।



### बीकानेर में हर घर तिरंगा अभियान

**बीकानेर।** 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बीकानेर के एक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विधि एवं कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल थे। मेघवाल ने शाला परिसर में ध्वजारारोहण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की और राष्ट्र ध्वज के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर केंद्रीय कानून मंत्री ने 3 हजार से अधिक विद्यार्थियों के साथ तिरंगा लहरा कर राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रबल किया। मेघवाल ने कहा कि देश को आजादी दिलाने के असंख्य देशभक्तों ने अपना सर्वस्व बलिदान किया। ऐसे देशभक्तों के प्रति प्रत्येक भारतीय को कृतज्ञ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में तिरंगा फहराएं। उन्होंने कहा की 'हर घर तिरंगा' देशभक्ति से ओतप्रोत अभियान है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को तिरंगा दिया गया। कार्यक्रम में नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष महावीर रांका, पवन मेहनोत और रमेश भाटी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। स्कूल के सीईओ और प्रिंसिपल डॉ. पीएस वोहरा ने केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल और सभी अतिथियों का आभार जताया।

### धौलपुर में निकाली गई तिरंगा रैली, घर-घर तिरंगा लगाने का दिया संदेश

**धौलपुर।** स्वाधीनता दिवस के उपलक्ष्य में देशव्यापी तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को धौलपुर में हर घर तिरंगा-2024 अंतर्गत तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में शामिल संभागियों ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अपने घरों, कार्यालयों, दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर तिरंगा फहराने तथा देश भक्ति का संदेश दिया। शहर के बड़ी फील्ड से आरंभ हुई तिरेगा रैली लाल बाजार, गांधी पार्क एवं गुलाब बाग चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर



जिला प्रभारी सचिव ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान 2024 प्रगतिशील भारत के लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद करने और जश्न मनाने के लिए भारत सरकार की ओर से की जाने वाली एक पहल है। कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा मनाया जा रहा है। जिला प्रशासन तिरंगे के प्रति लोगों में गौरव की भावना एवं एकता के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिलेवासियों का उत्साह अलग ही चरम पर पहुंच चुका है।

### पुलिस ने निकाली बाइक रैली

स्वाधीनता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत पुलिस महकमे की ओर से तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से शुरू हुई बाइक रैली शहर के विभिन्न इलाकों से होते हुए पुन: पुलिस अधीक्षक कार्यालय पंहुचकर संपन्न हुई। तिरंगा बाइक रैली में जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा,अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तथा आरएसी कमाडेंट सुरेश सांखला आदि शामिल हुए।

---

**फिल्म 'बयान' के लिए मांगी दुआ**

## अभिनेता सचिन खेडेकर ने चूमी ख्वाजा गरीब नवाज की चौखट



बेधड़क | अजमेर

अजमेर स्थित विश्व प्रसिद्ध ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में मंगलवार को फिल्म अभिनेता सचिन खेडेकर ने हाजरी दी। खेडेकर ने दरगाह में अकीदत के फूल और मखमली चादर पेशकर अपनी आने वाली फिल्म बयान की कामयाबी के लिए दुआ मांगी। खेडेकर को दरगाह के खादिम कुतुबुद्दीन सखी ने जियारत करवाई और उनकी दस्तारबंदी कर दरगाह का तबर्रुक भेंट किया। अजमेर पहुंचे फिल्म अभिनेता सचिन खेडेकर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 10 साल पहले ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह जियारत करने के लिए आया था। अब उनकी फिल्म 'बयान' की शूटिंग अजमेर में की जा रही है, जिसमें हुमा कुरैशी और चंद्रचूड़ सिंह है। फिल्म को लेकर वह दुआ मांगने आए हैं।

### थिएटर में जाने वाले आदमी कम हो गए

खेडेकर ने कहा कि थिएटर में जाने वाले आदमी कम हो गए हैं। घर बैठकर देखना लोग काफी पसंद करते हैं। उनकी क्वालिटी पर कोई फर्क नहीं है, लेकिन देखने वालों का नजरिया बदल गया है।

**कुलपति ने छात्रा को दिया गलत जवाब...**

## केस दर्ज कराने थाने पहुंची गुस्साई छात्राएं

बेधड़क | उदयपुर

मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट होकर प्रदर्शन कर रही छात्राओं में उस समय आक्रोश व्याप्त हो गया, जब छात्राओं के एक मैसेज के जवाब में कुलपति प्रोफेसर सुनीता मिश्रा ने गाली लिखकर मैसेज भेजा। कुलपति मिश्रा ने जिस छात्रा को यह आपत्तिजनक मैसेज किया है, उसने प्रताप नगर थाने में मामला दर्ज करने के लिए परिवाद दिया है। गौरतलब है कि सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट होकर छात्र और छात्राएं यूनिवर्सिटी के कुलपति सचिवालय पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी छात्राओं ने जब मंगलवार को कुलपति से मिलना



चाहा तो उन्हें जानकारी मिली थी कुलपति प्रोफेसर मिश्रा राजभवन गई हुई हैं। इस पर छात्राओं ने उन्हें मोबाइल पर मैसेज कर उनकी सुनवाई करने की बात कही। छात्राओं और छात्र नेताओं का आरोप है कि कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने इस मैसेज के जवाब में छात्रा को गाली लिखकर जवाब दिया और देख लेने की धमकी भी दी। कुलपति से आपत्तिजनक जवाब मिलने के बाद छात्राओं और छात्रों में आक्रोश हो गया।

---

**राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में आक्रोश...निकाली रैली

बेधड़क | अजमेर

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में तीर्थ नगरी पुष्कर में भी सकल हिंदू समाज ने रैली निकालकर अपना विरोध जाहिर किया। रैली में स्थानीय लोगों के अलावा कई साधु-संत भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुष्कर में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी लोगों को उनके मुल्क भेजा जाए।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर सकल हिंदू समाज में आक्रोश है। मंगलवार को तीर्थ नगरी पुष्कर में कपालेश्वर महादेव मंदिर के समीप तिराहे से सकल हिंदू समाज की ओर से रैली निकाली गई। रैली में संत महात्माओं के अलावा पुष्कर



और आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली ब्रह्मा मंदिर के समीप ब्रह्म चौक, ब्रह्म घाट, गऊ घाट, बद्री घाट, वराह घाट, श्रीरंगजी का मंदिर, गुरुद्वारा, रामद्वारा तिराहे होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां एसडीएम की अनुपस्थिति में पीएम नरेंद्र मोदी के नाम नायब तहसीलदार नीलिमा राठौड़ को ज्ञापन सौंपा गया। रैली में शामिल रामसखा आश्रम के महंत नंदराम ने कहा कि पुष्कर सभी तीर्थों का गुरु है।

गुरु की शरण में सबका निवास रहता है, लेकिन जो गुरु की निंदा करता है और उन्हें मानता नहीं है। ऐसे व्यक्तियों को तीर्थ गुरु पुष्कर में रहने का कोई हक नहीं है। उन्होंने कहा कि पुष्कर में बांग्लादेशी रह रहे हैं। उन्हें प्रशासन चिह्नित कर वापस उनके मुल्क छोड़ने की व्यवस्था करे।

### रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को पकड़े पुलिस

पुष्कर में कपालेश्वर महादेव मंदिर के महंत सिवानंद गिरी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की घटना निंदनीय और मानवता के खिलाफ है। हिंदुओं पर अत्याचार करने वालों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू एक नहीं होगा, तो उनकी सुरक्षा भी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का एकजुट होकर विरोध करना चाहिए।




### सर्व हिंदू समाज ने निकाली रैली

**खैरथल।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में सर्व हिंदू समाज ने खैरथल में जन आक्रोश रैली निकाली। मंगलवार सुबह 11 बजे पुरानी अनाज मंडी स्थित लाला जयनारायण पार्क में सर्व हिंदू समाज के लोग इकट्ठा हुए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में जो अल्पसंख्यक हिंदू समाज के साथ हो रहा है, उस पर केंद्र सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत है।



### भारत सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग

**चूरू।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में चूरू जिले के बीदासर में सर्व हिंदू समाज द्वारा रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों की संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए और उन्होंने बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया। रैली भूतनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न बाजारों होती हुई रघुनाथ मंदिर पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। रैली के दौरान वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि वह बांग्लादेश की सरकार पर दबाव डाले ताकि वहां हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक ने तिरंगा प्रदान कर दल को किया रवाना

# दिल्ली: स्वतंत्रता दिवस समारोह के साक्षी बनेंगे प्रदेश के छह विद्यार्थी



**बेधड़क** | जयपुर

रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से पूरे भारत से पीएम श्री विद्यालयों के 100 बच्चों को उनके अभिभावकों व अध्यापकों के साथ लाल किले पर आयोजित होने वाले ''स्वतंत्रता दिवस समारोह'' का साक्षी बनने के लिए बतौर 'विशिष्ट अतिथि' आमंत्रित किया है।

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार समारोह में भाग लेने के लिए राज्य से 6 विद्यार्थियों व 6 शिक्षकों के दल को 13 अगस्त को शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल तथा राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने दल के प्रत्येक सदस्य को तिरंगा झण्डा प्रदान कर शिक्षा संकुल से रवाना किया। इस अवसर पर कुणाल तथा चतुर्वेदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए दल के सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दल के सदस्य भारत के स्वतंत्रता प्राप्ति की यात्रा और इसके महत्व को अद्वितीय दृष्टिकोण से जान पाएंगे। इसमें विद्यार्थी न केवल भारत के इतिहास और विरासत के ज्ञान से समृद्ध होंगे बल्कि उनमें राष्ट्रीय पहचान और गौरव की भावना मजबूत होगी। राज्य का दल राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् की सहायक निदेशक डॉ नीरू पोटलिया के नेतृत्व में 14 व 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होगा।

#### दल में ये विद्यार्थी और शिक्षक है शामिल

दल में पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, छावनी रोड़, जवाजा, ब्यावर से छात्रा हर्षिता चौधरी एवं शिक्षिका सविता शर्मा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बल्दू, लाडनूं, डीडवाना-कुचामन से छात्र बजरंग लाल मेघवाल एवं शिक्षक अशोक कुमार पूनिया, पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, गणगौरी बाजार, जयपुर से छात्रा तनिषा मीना, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, तिजारा, खैरथल से छात्रा अनुप्रिया एवं शिक्षिका अंजू अरोड़ा, राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, शेखसर बास खोडाला, लूणकरणसर, बीकानेर से छात्र महिपाल एवं शिक्षक गोविन्द गोस्वामी तथा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जुल्मी, खैराबाद, कोटा से छात्र विनय कुमार मकवाना एवं शिक्षक वेदप्रकाश बैरवा शामिल हैं।

## Yuva स्टोरीज

### खिलाड़ियों को सशक्त बनाएगा 'इंडिया खेलो फुटबॉल प्लेटफॉर्म'



**बेधड़क** | जयपुर

अब प्रदेश के कोने-कोने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी युवा प्रतिभाओं की खोज और उन्हें तराश कर राजस्थान में फुटबॉल को सशक्त बनाना संभव होगा। एक नए प्लेटफॉर्म इंडिया खेलो फुटबॉल (आईकेएफ) के लिए आर्थिक मजबूती के मद्देनजर स्पोर्ट्स कोचिंग और मैनेजमेंट फर्म स्पॉट ऑन स्पोर्ट्स ने टाइगर कैपिटल के साथ साझेदारी की है। स्पॉट ऑन स्पोर्ट्स के सीईओ रोहित मिश्रा ने बताया कि इस साझेदारी से राजस्थान के छिपे हुए फुटबॉल रत्नों को प्लेटफॉर्म मिल सकेगी। इतना ही नहीं यह साझेदारी टाइगर आईकेएफ ट्रायल्स लॉन्च करेगी, जो राजस्थान के प्रमुख शहरों जयपुर, उदयपुर, अजमेर, जोधपुर, कोटा, सीकर, बीकानेर और श्रीगंगानगर के साथ-साथ अर्धशहरी शहरों दूदू, बांसवाड़ा, टोंक, पाली, नागौर, बूंदी, नोखा, झुंझुनूं और हनुमानगढ़ में फैले फुटबॉल ट्रायल्स की एक विस्तृत श्रृंखला है। इससे शहरी व ग्रामीण सभी युवा प्रतिभावान फुटबॉलरों को सशक्त बनाने का समान मौका मिलेगा।

#### कॉलेज श्रेणी में मिला 81 वां स्थान

### एनआईआरएफ रैंकिंग में लगातार 6 वर्षों से सुबोध कॉलेज का परचम

**बेधड़क** | जयपुर

शहर के रामबाग सर्किल स्थित सुबोध शिक्षा समिति की ओर से संचालित एसएस जैन सुबोध स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा नेशनल इंस्टीटयूशन रैंकिंग फ्रेमवर्क में भारतीय शिक्षा संस्थानों के लिए जारी रैंकिंग-2024 में 81 वां स्थान प्राप्त किया है। यह गौरव है कि कॉलेज श्रेणी में सुबोध स्नातकोत्तर महाविद्यालय लगातार 06 वर्षों से एनआईआरएफ रैंकिंग में स्थान बनाने वाला राजस्थान का एक मात्र महाविद्यालय है। यह रैंकिंग टीचिंग लर्निंग रिसोर्सेस, रिसर्च एण्ड प्रोफेशनल प्रैक्टिस, आउटरीच, ग्रेजुएशन आउट कम, आउटरीच एण्ड इन्क्लूसिव, पीयर परसेप्शन सहित कई पैरामीटर्स के विस्तृत आधार पर तैयार की जाती है। इसमें राजस्थान से एकमात्र निजी महाविद्यालय सुबोध महाविद्यालय द्वारा इस स्थान को पाना गौरव की बात है। सुबोध शिक्षा समिति के मंत्री सुमेर सिंह बोथरा, संयुक्त सचिव, विनोद लोढ़ा, महाविद्यालय के संयोजक अनिल कुमार गोखरू ने इस उपलब्धि का श्रेय कॉलेज टीम रैंकिंग समिति के सदस्यों एवं सभी संकाय सदस्यों को दिया और कहा कि यह उपलब्धि सभी का ही परिणाम है।

### शिक्षकों की प्रमुख मांगों को लेकर शिक्षक जागृति यात्रा का समापन



**बेधड़क** | जयपुर

अपनी 25 सूत्रीय मांग पत्र के समर्थन में जयपुर में अगले माह होने वाली शिक्षकों की महा रैली को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) जागृति यात्रा प्रांतीय कार्यालय में संपन्न हुई। इस दौरान जागृति यात्रा के प्रभारी राजेन्द्र पारीक एवं सह प्रभारी विनोद मीणा का माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। प्रदेश संरक्षक एवं प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम ने बताया कि सरकार शिक्षकों के ट्रांसफर विधायकों की अभिशंषा पर कर रही है, जो की पूर्णतया गलत है। शिक्षकों के ट्रांसफर स्थानांतरण नीति के द्वारा ही किया जाए। विनोद मीना ने बताया कि सरकार को 8 जुलाई को प्रत्येक जिलों में जिला कलेक्टर के माध्यम से शिक्षकों का 25 सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन दिया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण शिक्षक जागृति यात्रा पूरे प्रदेश भर में निकाली जा रही है और 12 सितंबर को जयपुर में शिक्षकों की महा रैली के द्वारा सरकार से मांग की जायेगी। मीटिंग में जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री एवं प्रदेश के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वीजीयू में मिस्र व तुर्की के छात्रों का किया अभिनंदन

# 'इंद्रधनुष' में दिखे विदेशी व भारतीय संस्कृति के रंग



**बेधड़क** | जयपुर

शैक्षणिक उन्नयन, शोध, अकादमिक स्तर को और बेहतर सुधारने में परस्पर सहयोग और साझेदारी बढ़ाने के संकल्प के साथ को लेकर एक माह से ज्यादा समय तक वीजीयू में बिताए अनुभवों से अभिभूत विदेशी छात्रों के दल के सम्मान में इंद्रधनुष कार्यक्रम रंग संस्कृति का आयोजन किया गया। जिसमें विदेंशी छात्रों का वीजीयू की ओर से अभिनंदन किया।

इस अवसर पर वीजीयू छात्रों के साथ तुर्की और मिस्त्र छात्रों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मंत्रमुग्ध कर दिया। सामूहिक रूप से मंच पर वंदे मातरम गीत की शानदार प्रस्तुति देकर भारतीय संस्कृति के रंग बिखेरे। इसमें लगभग 600 छात्रों ने भाग लिया। इंद्रधनुष कार्यक्रम में मिस्त्र और तुर्की संस्कृतियों पर प्रस्तुतियों के साथ-साथ मिस्त्र और तुर्की के परिदृश्यों की अंतर्दृष्टि सहित पौराणिक कथाओं, शास्त्रीय और लोक नृत्यों के माध्यम से अपनी अपनी संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सीईओ इंजी ओंकार बगरिया ने कहा कि एक्सचेंज कार्यक्रम का उद्देश्य शैक्षणिक व शोध और अकादमिक के साथ कौशल विकास में परस्पर सहयोग और प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस प्रकार के आयोजन से दोनों देशों के छात्रों को एक दूसरे के देशों की शैक्षणिक प्रणाली, कला संस्कृति का करीबी से जानने का मौका मिलता है। युनिवर्सिटी के एक्टिंग प्रेसीडेंट प्रो संतोष कुमार ने कहा कि भविष्य में इस एक्सचेंज कार्यक्रम को आगे बढाने का प्रयास किया जाएगा। प्रो. प्रेसीडेंट प्रो डीवीएस भगवानमुलु ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कौशल और विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए शिक्षण संस्थानों को विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग और साझेदारी को बढ़ाने की जरूरत है।



#### सामाजिक और शैक्षणिक विषयों पर ली जानकारी

पिछले एक माह पहले 45 दिनों की इंटर्नशिप के लिए अंतरराष्टीय संस्था आईजेक के सहयोग से वीजीयू में एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत आए इस दल में मिश्र के अहमद, अब्दुल रहमान, शैफ अला और तुर्की के अहमत, शामी सहित एक दर्जन इन विदेशी छात्र शामिल है। छात्रों ने वीजीयू में भी शिक्षकों व छात्रों के साथ विभिन्न संकायों का दौरा किया और संवाद किया। छात्रों के दल ने युनिवर्सिटी के विभिन्न संकायों में शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के अलावा भारतीय सामाजिक और शैक्षणिक विषयों पर जानकारी ली। इन छात्रों ने वीजीयू कैंपस के माहौल की खूब सराहना कि और उन्हें मिले अपार सहयोग और सम्मान के लिए धन्यवाद दिया।

#### ब्लू पॉटरी की बारीकियों को सीखा

वीजीयू की ओर से इन छात्रों को जयपुर शहर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों सहित इंड्रस्टीज का भी भ्रमण कराया गया है। इन अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भारत के जीवंत कुटीर उद्योगों से परिचित कराया गया। उन्होंने जयपुर ब्लू पॉटरी का दौरा किया, जहां उन्होंने ब्लू पॉटरी की बारीकियों को सीखा और जाना कि कैसे भारत सरकार सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में प्रतिबद्ध है। दल ने आम्रपाली ज्वेल्स में भी विजिट की और रत्न और आभूषण उद्योग और विदेशों में उसका स्कोप और तकनीकी पहलुओं के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर इन विद्यार्थियों ने संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को सूत्रकार क्रिएशन्स में प्रदर्शित किया गया।

### एड्स जागरूकता के लिए दौड़ी कॉलेज छात्राएं




**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के निर्देशानुसार एस एस जैन सुबोध पी जी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनू जोशी की अध्यक्षता व रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. रेखा जैन, डॉ. कीर्ति सक्सेना, वर्षा शर्मा और निशा जैन के नेतृत्व में एड्स जागरूकता के लिए मंगलवार को 5 किलोमीटर की मैराथन दौड़ ( रेड रन ) का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मैराथन में टीना सैनी ने प्रथम, पायल कच्छावा ने द्वितीय व दिव्या कच्छावा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### दो दिवसीय राखी प्रदर्शनी में दिखा हस्तशिल्प का हुनर



**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के 'सुकृति'-आर्ट एंड क्राफ्ट क्लब की ओर से मंगलवार से दो दिवसीय हस्तशिल्प राखी प्रदर्शनी लगाइ गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने किया। प्राचार्य ने छात्राओं को उनके सृजनात्मक एवं स्वरोजगार योग्यता के सर्वांगीण विकास के प्रेरित किया।

प्रदर्शनी में 50 छात्राओं ने 23 स्टॉल लगाई गई। इसमें छात्राओं द्वारा हस्त निर्मित राखियां, पेपरमेशी आर्ट और कुरोशिया गिफ्ट आइटम, ट्रे गार्डन, लड्डू-गोपाल पोशाक, मिलेट कुकीज एवं कप-केक, साज-सज्जा की सामग्री आदि वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में स्टॉल प्रतिभागियों को हस्तशिल्प, सर्वांगीण प्रदर्शन एवं साज-सज्जा के आधार पर स्टॉल ऑफ द डे की उपाधि प्रदान की गई। इसी क्रम में इशिता धारीवाल, बी.कॉम. तृतीय वर्ष को बाजीगर, अमीक्षा, बी.ए. इंग्लिश ऑनर्स प्रथम वर्ष को हुनरमंद व वनिशा नवारिया, बी.ए. द्वितीय वर्ष को कलाकार की उपाधि प्रदान की गई। प्रतियोगिता की निर्णायक उप-प्राचार्य डॉ. सुनीता माथुर एवं उप-प्राचार्य डॉ. मनीषा माथुर द्वारा छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। क्लब संयोजिका डॉ. विष्णुप्रिया टेमाणी ने बताया कि क्लब द्वारा छात्राओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने व उन्हें मंच प्रदान करने हेतु विभिन्न त्यौहारों पर इस प्रकार की प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है। प्रदर्शनी में क्लब सदस्य डॉ. चेतना शर्मा, डॉ. दीप्ती चौहान, डॉ. हर्षा शर्मा, डॉ. मनीषा खींची, दिव्या शर्मा की सक्रिय भूमिका रही।

**शोध** | जेईसीआरसी का बिट्स पिलानी के साथ हुआ कोलैबोरेशन

# रिसर्च और इनोवेशन के क्षेत्र में छात्रों को अवसर




**बेधड़क** | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी हैं और इसी के साथ यूनिवर्सिटी ने बिट्स पिलानी के साथ कोलैबोरेशन किया है, जो इस कोलैबोरेशन के तहत, जेईसीआरसी के छात्रों को बिट्स पिलानी में एक सेमेस्टर या एक पूरा साल पढ़ने का मौका मिलेगा। साथ ही विद्यार्थियों को रिसर्च प्रोजेक्ट्स में भी लाभ मिलेगा।

बिट्स पिलानी में पढ़ाई के दौरान, छात्रों को वहां कि सभी सुविधाएं मिलेंगी, जैसे कि पुस्तकालय, शोध सुविधाएं और छात्रावास। हर साल दिसंबर और मई में इस प्रोग्राम के लिए आवेदन किया जा सकेगा और चुने गए छात्रों को बिट्स पिलानी में पढ़ाई और शोध करने का मौका मिलेगा। इस कोलैबोरेशन के माध्यम से दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक और शोध कार्यों में सहयोग मिलेगा। जेईसीआरसी के छात्रों को बिट्स पिलानी में प्रोजेक्ट करने का अवसर मिलेगा। साथ ही भविष्य में बिट्स पिलानी में पीएचडी प्रोग्राम के लिए आवेदन का मौका भी मिलेगा। यह साझेदारी जेईसीआरसी की शैक्षणिक उत्कृष्टता को और भी मजबूत बनाएगी।

#### शिक्षा और शोध को मिलेगा मौका

जेईसीआरसी विश्वविद्यालय पहले से ही शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों को दर्शाता आया है। विश्वविद्यालय ने 1192 स्कोपस इंडेक्स्ड शोध पत्र प्रकाशित किए हैं, जिनके 22485 उद्धरण हैं। इसके अलावा, जेईसीआरसी का एच-इंडेक्स 72 और आई-10 इंडेक्स 451 है, जो कि शोध के क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति को दर्शाता है। जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन अर्पित अग्रवाल ने कहा कि यह कोलैबोरेशन हमारे छात्रों को बेहतर शिक्षा और शोध के मौके देगी और हमारें शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए भी नए अवसर लाएगी। इसके साथ ही, इस सहयोग से हमें समाज के विकास में भी योगदान देने का मौका मिलेगा। हम मिलकर ऐसी परियोजनाओं पर काम करेंगे जो न सिर्फ हमारे संस्थानों को, बल्कि समाज को भी बेहतर बनाएंगी। जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के डिप्टी डायरेक्टर (इंडस्ट्री इंटरफेस) मनीष जैन ने कहा कि कोलैबोरेशन एक गर्व की बात हैं और इस नए सहयोग से हम समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव की आशा करते हैं।

# जल नियोजन और प्रबंधन बेहद आवश्यक



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत में जून जुलाई और अगस्त बारिश के महीने होते हैं और पिछले कुछ दिनों से पूरे उत्तर भारत में भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कहीं कहीं तो बारिश ने भारी तबाही मचाई है। सच तो यह है कि बारिश देश में इन दिनों आफ़त बनकर बरस रही है। हाल ही में मौसम विभाग द्वारा 13 अगस्त को ही केरल, राजस्थान, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल और उत्तराखंड में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया।

वहीं दिल्ली में 16 अगस्त तक मध्यम से तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है। लगातार बारिश के कारण देश में निचले इलाकों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है, वहीं बारिश के कारण सड़कों को भी बहुत नुक्सान पहुंचा है। देश के विभिन्न हिस्सों में अनेक सड़क मार्गों पर इन दिनों ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हो गई है। हिमाचल प्रदेश से लेकर केरल तक बारिश कहर बरपा रही है। पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली, पूर्वी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, झारखंड, पूर्वोत्तर भारत, केरल, तमिलनाडु, और दक्षिण कर्नाटक में इन दिनों बारिश का दौर जारी है। रह-रहकर कहीं हल्की तो कहीं मध्यम और तेज बारिश हो रही है। नदियां और नालें इन दिनों उफान पर बह रहे हैं। सच तो यह है कि बारिश हमारे देश के नगर नियोजन की पोल खोलती नज़र आती है। आज देश में अनेक सड़कों पर तीन से चार फीट तक पानी जमा नजर आ रहा है। मेट्रो सीटीज से लेकर छोटे शहरों, गांव गलियों, चौराहों तक का बुरा हाल है। हिमाचल में यह हाल है कि अचानक भारी बारिश के कारण पांच राष्ट्रीय सड़क मार्ग बंद हो गए और हिमाचल में 288 विभिन्न सड़कें बंद हो गई। उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में बारिश के दौरान अनेक सड़कें अवरूद्ध हो जाती हैं, जिससे आमजन को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। केरल के वायनाड में जान-माल को हाल ही में काफी नुकसान पहुंचा। केरल ही नहीं अब तो लगभग लगभग संपूर्ण उत्तर भारत बारिश की चपेट में है।

> सतत् विकास के नज़रिये से बाढ़ के आकलन की ज़रूरत है। वास्तव में बाढ़ व सूखे दोनों का प्रबंधन किया जाना आज जरुरी है। सूचना तंत्र को और अधिक विकसित किए जाने की जरूरत है। आम लोगों को जागरूक भी किया जाना चाहिए। बाढ़ का सामना करने के लिये तैयार रहने हेतु बाढ़ पूर्वानुमान अति महत्त्वपूर्ण है तथा इसका देश भर में सघन विस्तार किया जाना चाहिए। अतः बाढ़ से बचने के लिए पुनर्वनीकरण, जल निकास तंत्र में सुधार, वाटर-शेड प्रबंधन, मृदा संरक्षण जैसे उपाय किए जा सकते हैं।

मीडिया के हवाले से पता चला है कि उत्तर प्रदेश के 15 जिलों में बाढ़ आ गई है। वाराणसी में 65 घाट डूब गए हैं। जगह-जगह एनडीआरएफ को तैनात किया गया है। मध्य प्रदेश तालाब फूट गया, 20 गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। दरअसल, मध्य प्रदेश के मुरैना में तालाब फूटने से 4 गांवों में पानी घुस आया है। इधर, उत्तर प्रदेश में गंगा और यमुना उफान पर हैं। 15 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। ख़बरें आ रही हैं कि लखीमपुर में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण 250 गांवों में पानी भर गया है और करीब 2.50 लाख लोग प्रभावित हैं।

हिमाचल प्रदेश के चंबा में सोमवार (12 अगस्त) को पहाड़ी से पत्थर गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। इतना ही नहीं, यह भी खबरें आई हैं कि हिमाचल प्रदेश में लैंडस्लाइड-बाढ़ के कारण शिमला-किन्नौर सहित 2 नेशनल हाईवे और 195 सड़कें बंद हैं। ऊना में 11 अगस्त को 3 लड़कियां बाढ़ में बह गईं। यह बहुत ही दुखद है कि 27 जून से 12 अगस्त के बीच हिमाचल में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 110 लोग मारे गए हैं और राज्य को लगभग 1,004 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। मध्य प्रदेश के मुरैना में टोंगा तालाब जो कि 140 साल पुराना है, फूट गया है। जानकारी मिलती है कि इससे करीब 25 गांवों में सिंचाई होती है। राजस्थान के टोंक, जयपुर व कोटा में बारिश से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। पंजाब में भी अनेक स्थानों पर बारिश आफत बनकर टूटी है। इन सबके बीच यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज संचार क्रांति का युग है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है। इसका इस्तेमाल मानव जीवन व संपत्ति सुरक्षा में किया जा सकता है, लेकिन इनका सही इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। बारिश से फसलों को भी बहुत नुक्सान पहुंचा है। हम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाते हैं और इसमें इस बात पर अनेक चर्चाएं और विचार विमर्श करते हैं कि आपदा प्रबंधन में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है ?, लेकिन यह कड़वा सच है कि धरातल पर हम ज्यादा कुछ नहीं कर पाते हैं। हमारी अनेक योजनाएं तो कागजों तक ही सीमित रह जाती हैं।भारत एक मानसूनी प्रदेश है , मानसून आने से पहले ही आपदा प्रबंधन नीतियों की समीक्षा, तैयारियां की कर ली जानी चाहिए ताकि समय आने पर हम ठोस कदम उठा सकें। बहरहाल, यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो राष्ट्रीय बाढ़ आयोग ने देश में 4 करोड़ हैक्टेयर भूमि को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित किया है। असम, पश्चिम बंगाल और बिहार राज्य सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में से हैं। इसके अतिरिक्त उत्तर भारत की ज़्यादातर नदियाँ, विशेषकर पंजाब और उत्तर प्रदेश में बाढ़ लाती रहती हैं। राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और पंजाब आकस्मिक बाढ़ के कारण पिछले कुछ दशकों में जलमग्न होते रहे हैं। इसका कारण मानसूनी वर्षा की तीव्रता तथा मानव कार्यकलापों द्वारा प्राकृतिक अपवाह तंत्र का अवरुद्ध होना है। नदियों, नहरों, नालों, घाटियों तथा अचानक बाढ़-ग्रस्त होने वाले अन्य क्षेत्रों से परिचित रहने की आवश्यकता महत्ती है। सूचना के लिए रेडियो सुनना या टेलीविजन देखना बहुत जरूरी है ताकि बाढ़ के बारे में जानकारी मिल सके। जल नियोजन और प्रबंधन जरूरी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### तबाही मचाई... सैकड़ों लोगों की गई जान

# आपदाओं से सबक लेने की जरूरत



राजीव जैन
स्वतंत्र टिप्पणीकार



हिमालय से लेकर केरल तक भूस्खलन और मूसलाधार बारिश तबाही के कारण बन रहे हैं। देश के दूर दक्षिण के प्रदेश केरल के वायनाड में जिस तरह की आपदा ने तबाही मचाई और सैकड़ों लोगों की जान चली गई। उससे तो अब सोचने का मजबूर होना पड़ रहा है कि ऐसे हालातों को रोकने के लिए हमारे जिम्मेदारों को सबक लेने की जरूरत है। ऐसी तबाही पूर्व में भी कई जगह आई पर किसी भी स्तर पर कोई सबक नहीं लिया गया।

इस सबके पीछे पर्यावरण के साथ खिलवाड़ होना प्रमुख कारण है। पर्यावरण से खिलवाड़ का ही नतीजा होता है कि पहाड़ी इलाकों में बारिश ऐसी तबाही मचाती है कि जल की रफ्तार में सैकड़ों लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। केरल में केदारनाथ की तरह जो जल से तबाही हुई वो आपदा पूरी तरह से मानव निर्मित ही है। इसका बड़ा कारण पर्यटन बढ़ना और बड़ा तादाद में जंगलों का विनाश करना है। यही आधुनिक विकास अब विनाश का कारण बनता जा रहा है। ऐसे हादसों से सबक लेकर भविष्य में आपदाओं को रोका जा सकता है। इसके लिए सरकारों को पर्यावरणविदों के साथ ही स्थानीय नागरिकों का सहयोग लेकर कारगर तरीके से काम करने होगा।

> आपदाओं के बाद राहत के काम चलाए जाते हैं। देश में और हर प्रदेश में आपदा प्रबंधन विभाग बने हुए हैं। समय रहते अगर आपदाओं से सबक लेकर ठोस काम किए जाएं तो निश्चित तौर पर विपदाओं से निपटना आसान हो सकेगा। इसके लिए पूर्व की आपदाओं से सबक लेकर ही नीतियां बनाई जानी चाहिए। पर्यावरण जैसे मुददों को कभी भी हलके में नहीं लिया जाना चाहिए।

आधुनिक विकास और बढ़ता शहरीकरण भी बाढ़ के पानी को लोगों की मौत में बदल रहा है। दिल्ली की कोचिंग संस्थान में तीन युवाओं की मौत हो या जयपुर में बेसमेंट में पानी भरने के कारण हुई मौतें हो, सभी के मूल कारणों में यही है कि पूर्व के हादसों से कोई सबक ही नहीं लिया जा रहा। आपदाएं आती है पर उनसे कोई सबक नहीं लिया जाता है। जंगल उजाड़े जा रहे हैं और इमारतें खड़ी की जा रही है। इस सबके बीच पानी निकासी की कहीं कोई कारगर व्यवस्था नहीं की जाती है। पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन पर ध्यान दिया जाना चाहिए तो शहरी इलाकों में जो व्यावसायिक इमारतें बनती है उनमें तलघर का भी निर्माण बहुतायत में होने लगा है। ज्यादा बारिश के दौरान अब शहरों में बनी इमारतों के बेसमेंट में पानी भरने की कई घटनाएं सामने आ रही है। इसमें मौतें होने से चिंता ज्यादा बढ़ गई है। इन सब हादसों को रोकने के लिए सबक लेकर काम करने की प्रशासन को जरूरत है। देश में ऐसी आपदाओं का दौर पिछले एक दशक से चल रहा है और एक के बाद एक हादसे होते जा रहे हैं।

कभी पहाड़ी इलाकों में ऐसी आपदा आती है और कभी शहरों में हादसे होते हैं। सरकार के कई विभाग इन हादसों की रोकथाम के लिए जिम्मेदार होते हैं, पर कहीं भी किसी की जबावदेही तय ही नहीं होती है। प्रशासन की आंखें भी तब खुलती है जब हम विपदा की गिरफ्त में आ जाते हैं। सरकार जांच बैठा कर अपने को मुक्त कर लेती है, पर जब तक हादसों से सबक नहीं लिया जाएगा तब तक हादसे होते रहेंगे। केदारनाथ, अमरनाथ, हिमाचल कश्मीर आदि के पूर्व के हादसों से सबक लेकर आगे की योजना बनाई जाती तो पहाड़ी इलाकों में आपदा से होने वाली जनहानि को कुछ हद तक रोका जा सकता था। प्रकृति संरक्षण की दिशा में काम करना अब अति आवश्यक हो गया है। पर्यावरण के असंतुलन की दिशा में नागरिकों को भी जागरूक कर हर स्तर पर प्रकृति के साथ होने वाले खिलवाड़ को रोकना होगा। प्रकृति जनित आपदाओं में दुनिया भर में भारत तीसरे स्थान पर है। इन आपदाओं में बाढ़ और भूकंप जैसी तो है ही इसके साथ मानव निर्मित आपदाएं भी खूब है। आपदाओं के बाद राहत के काम चलाए जाते हैं। देश में और हर प्रदेश में आपदा प्रबंधन विभाग बने हुए हैं। समय रहते अगर आपदाओं से सबक लेकर ठोस काम किए जाएं तो निश्चित तौर पर विपदाओं से निपटना आसान हो सकेगा। इसके लिए पूर्व की आपदाओं से सबक लेकर ही नीतियां बनाई जानी चाहिए। पर्यावरण जैसे मुददों को कभी भी हलके में नहीं लिया जाना चाहिए।

पर्यावरण संरक्षण के लिए हर स्तर पर कारगर नीति अपना कर काम करने की सख्त जरूरत है। बिहार, असम, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्य बाढ़ की विभिषका हर साल झेलते हैं। एक राज्य की नदी का पानी दूसरे प्रदेश में तबाही मचाता है। यह हर मानसून में होता है पर इसे कैसे कम किया जाए, इस पर कोई ध्यान ही नहीं दिया जाता है। आधुनिक शहरों के तो हाल ही बेहाल है। इन शहरों में पानी निकासी की तमाम व्यवस्थाएं मानसून में बिगड़ जाती है और नागरिकों को आफत का सामना करना पड़ता है। देश की राजधानी दिल्ली हो या प्रदेश की राजधानी जयपुर हो सभी जगह हालात बिगड़ते ही है। देश के तमाम शहरों में नगरीय निकायों की जिम्मेदारी होती है कि वो बसावट से पहले और पुराने इलाकों में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करें पर सब बेपरवाह बने रहते हैं। शहरी इलाकों के साथ ही पहाड़ी इलाकों के लिए ढांचागत विकास को आगे रख कर काम करने की जरूरत है, तभी आपदाओं से सही तरीके से सामना किया जा सकता है। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण के मसलों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसमें विशेषज्ञों की सलाह से काम करना होगा। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ते तापमान से वर्षाचक्र बदल रहा है। इसके संकेत 2008 में ही मिल गए थे। इसके बावजूद ऐसी चेतावनियों को कहीं भी गंभीरता से नहीं लिया गया। शहरी आबादी जिस ढंग से बढ़ रही है उससे भी सतर्क होकर काम करने की आवश्यकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# सत्ता में आने दो



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

सभी राजनीतिक दलों को इस समय एक ही चिन्ता सता रही है कि उन्हें सत्ता में आने दो। बिना सत्ता में आए वे कुछ नहीं कर सकते हैं। सत्ता ही समाधान की ऐसी सीढ़ी है जिसके द्वारा जन कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होता है। वे अपने इर्द-गिर्द खड़ी भीड़ को हटाते हुए यही तो कह रहे हैं कि सामने से हट जाओ और उन्हें सत्ता में आने दो। वे सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। सत्ता उनका ईमान और धर्म है। सत्ता उनके जीवन का आदर्श और अंतिम लक्ष्य है। वे सत्ता में आने वाले तमाम रोड़ों-अड़चनों को राजी-बेराजी, साम, दाम, दण्ड और भेद की नीति से हटाने को पूर्णतया तत्पर हैं। सत्ता जीवन का सत्य और चरम है। तभी तो वे कुछ कर पाएंगे। मसलन परिवारजनों को नौकरी, ठेका, परमिट, लायसेंस देना है तो अपनी सात पीढ़ियों के लिए माकूल प्रबन्ध भी करके जाना है ताकि उन्हें भीख का कटोरा हाथ में न लेना पड़े। सत्ता में शरीर फूल कर कुप्पा हो जाता है। गोल-मटोल चेहरे पर छोटी-छोटी दो आंखें गिद्द दृष्टि से भी ज्यादा तेज और चालाक हो जाती हैं। सत्ता से मोतियाबिन्द नहीं होता। तमाम रोग बिना सत्ता के होते हैं, इसलिए वे सत्ता को चाहते हैं। इसके लिए वे बार-बार अन्तरात्मा की आवाज पर दल बरलते हैं। सिद्धान्तों को धूल चटाते हैं और खुद थूक कर चाटते हैं। उन्हें सत्ता का इतना जबरदस्त फोबिया है कि वे हार जाने पर भी राजनीति नहीं छोड़ते। यही क्यों बात-बात में राजनीति करना उनकी आदत है। झूठ, आश्वासन और झांसों के सहारे वे अपने को यहां तक ले आए हैं।

सत्ता की ही देन है कि उनके पास भौतिक सुख सुविधाओं को अथाह भंडार है। कई फैक्ट्रियां, कई होटलें, बड़े-बड़े शहरों में विशाल कोठियां और फार्म हाउस। उनके बच्चे महंगे स्कूलों में पढ़ते हैं, कारों में घूमते हैं तथा विदेशों में सैर सपाटे को जाते हैं। वे खुद भी हवाई जहाजों में घूमते हैं तथा सर्वोच्च शिखर पर बने रहे कर देश को धोखेबाजी का अपना ताण्डव दिखाते हैं। उनका पूरा जीवन पाखंड और छलावे से भरा है। यह सब चलता रहे, इसलिए उन्हें सत्ता में आने दो। उनका कहना है कि वे वर्षों तक विपक्ष में बैठ कर गाल बजाते रहे और दांत पीसते रहे, इसलिए भी अब उन्हें सत्ता में आने दो संघ में वे क्यों नहीं आए, उन्होंने अपने दल में अब बेधड़क निर्भीकता से सबको घुसा लिया है। चाहे वे उनकी विचारधारा के हैं या नहीं। उनका विचार सिर्फ इतना-सा है कि सत्ता उनसे कहीं दूर नहीं चली जाए। इसलिए वे बेमेल गठबंधन और समझौतों पर समझौता मात्र सत्ता के लिए किए चले जा रहे हैं। इसलिए भी उन्हें सत्ता में आने दो।

सत्ता के लिए साम्प्रदायिकता फैलाते हैं। दो वर्गों को लड़ा कर अपना वोट बैंक सुनिश्चित करते हैं। लूटपाट करवाते हैं, हत्या, आगजनी और बदलात घटनाओं की बार-बार पुरारावृत्ति भी। वे ही तो जातीयता, क्षेत्रीयता और भाषा का सवाल उठाकर अपना उल्लू सीधा करते हैं। सत्ता के लिए परसंहार करवाना उनके बाएं हाथ का खेल है, फिर उनके पास तो अभी दायां हाथ भी है। उसे काम में लेते हैं तो भ्रष्टाचार और घोटाला दर घोटाला किए चले जाते हैं। भ्रष्टाचार सत्ता के लिए परम आवश्यक तत्त्व व घटक है। इसी काले धन से तो वे चुनाव जीतते हैं। अपने दल का बहुमत जुटाते हैं, क्योंकि उन्हें सत्तारूढ़ होना है। वे करें भी क्या? सत्ता उनका व्यवसाय है। वे इसी से चलाते हैं जीविका। राजनीति धंधा है, उन्हें पागल कुत्ते ने नहीं खाया है, जो चुनाव में पचास लाख खर्च करेंगे। जनसेवा करना डॉक्टर ने नहीं बताया है। देश को आजाद कराने जैसा दायित्व तो उनके कंधों पर है नहीं। उन्हें तो सत्ता के माध्यम से धन सूतना है- इसलिए उन्हें सत्ता में आने दो।

सत्ता में आने पर ही तो जीवन में सावन आता है, इसलिए सत्ता का सावन आने दो। रोको मत। वे जो जोड़-तोड़ और गठबंधन कर रहे हैं करने दो। वे कभी धर्म निरपेक्ष बनते हैं, कभी धार्मिक। वे कभी दलितों में मसीहा बनते हैं, क्योंकि उन्हें सत्ता में आना है। भूलकर भी उनके आड़े मत आना वरना वे उखाड़ फेंकेंगे गाजर मूली की तरह और पता भी नहीं चलेगा कि लाश कहां गई। उनके आने से लाभ हो या हानि, कुछ मत सोचो, बस उन्हें केवल सत्ता की जल्दी है, इसलिए उन्हें सत्ता में आने दो, फिर मत कहना कि तुम्हारे दांत क्यों टूटे और अस्पताल के हड्डी वार्ड में क्यों पहुंचे। सबसे बचने का सुरक्षित रास्ता यही है कि उन्हें सत्ता में आने दो...!

### नॉलेज कॉर्नर: 23वें स्थान पर आता है विश्व सूची में इसका नाम

# 'नंदादेवी' भारत की दूसरी सबसे ऊंची चोटी!

हर व्यक्ति के अंदर एक जिज्ञासु मन होता है। उसे संसार में कोई चीज कैसे हो रही है, क्यों हो रही है आदि जानने की उत्सुकता होती है। अगर सर्वे किया जाए तो 99 प्रतिशत लोग जिज्ञासु होते हैं। वे जानना चाहते हैं कि इस संसार की सबसे ऊंची जगह कौन सी है, सबसे बड़ी नदी कौन सी कहां है या फलां-फलां स्थान किस लिए मशहूर है। इस तरह न जाने कितने अनगिनत सवाल हैं जिनके जवाब जानने के लिए व्यक्ति खोज करता रहता है। अधिकांश लोगों को यह तो पता है कि भारत की सबसे ऊंची चोटी कंचनजंघा है, लेकिन दूसरा सबसे ऊंचा पर्वत कौनसा है शायद इस बारे में पता न हो। इस बारे में जानेंगे आज के कॉर्नर में...

## कितने मीटर ऊंची है चोटी

पूर्व में हम जान चुके हैं कि भारत की सबसे ऊंची चोटी कंचनजंघा है। जिसकी ऊंचाई 8556 मीटर है। अब जानेंगे दूसरी सबसे ऊंची चोटी के बारे में, जिसका नाम नंदादेवी है। यह भारत की दूसरी तथा विश्व की 23वीं सबसे ऊंची चोटी है। यह हिमालय पर्वत शृंखला के बीच भारत के उत्तराखण्ड राज्य में बसी हुई है, जिसके पूर्व में गौरीगंगा तथा पश्चिम में ऋषिगंगा घाटियां हैं। नंदादेवी पर्वत की ऊंचाई 7817 मीटर है। इस पर्वत पर माता नंदा का मंदिर भी बना हुआ है, जिनके



दर्शन करने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। देशभर में इसे नंदादेवी मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस चोटी के दो छोर हैं। दोनों छोर के बीच में दो किलोमीटर लम्बा रिज क्षेत्र है। नंदा देवी के आस-पास के क्षेत्र को नंदादेवी राष्ट्रीय उद्यान के रूप में घोषित किया गया है। वर्ष 1988 में इस पार्क को यूनस्को द्वारा प्राकृतिक महत्व की विश्व धरोहर के तौर पर मान्यता व सम्मान दिया जा चुका है।

## यहां जाने वाले पहले व्यक्ति

वर्ष 1936 में ब्रिटिश-अमेरिकी अभियान ने इस चोटी तक पहुंचने में सफलता हासिल की थी। इस अभियान में शामिल नोयल ऑडेल और बिल तिलमेन नंदादेवी शिखर तक जाकर चोटी को छूने वाले पहले व्यक्ति थे। इसके 30 वर्ष बाद एन.कुमार के नेतृत्व में नंदादेवी पर दूसरा सफल अभियान दल वर्ष 1964 में पहुंचा। जबकि इसके दूसरे छोर नंदादेवी ईस्ट पर वर्ष 1939 में सबसे पहले पोलैंड की टीम पहुंची थी। नंदादेवी की चढ़ाई करते समय खतरनाक दर्रे और हिमनद आते हैं। इस पर जाने वाले पर्वतारोहियों का कहना है कि शिखर के आसपास का क्षेत्र काफी सुंदर और शांत है। हिमशिखर तक पहुंचने के लिए कई आड़े-तिरछे पहाड़ों को पार करना पड़ता है।

## कुछ दिलचस्प किस्से

*वर्ष 1934 तक इस शिखर पर जाने का का रास्ता थोड़ा आसान कर दिया गया। वर्ष 1976 में भारत-जापान के संयुक्त अभियान ने पहली बार इसके दोनों शिखरों को छूआ। वर्ष 1981 में पहली बार रेखा शर्मा, हर्षवंति बिष्ट तथा चंद्रप्रभा ऐतवाल नामक तीन महिलाओं की टीम ने यहां पहुंचने में सफलता पाई।*

कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
यूं लहराए तिरंगा, सदा गगन में।
फैले मोहब्बत, सदा चमन में।।
रामलीला मैदान जयपुर में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हो कृतज्ञ भाव से 'राष्ट्र- प्रतीक' को नमन किया।

**राजनीति बनाम रिश्ते:** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार को अब हुआ पछतावा... गलती मानी, कहा-

# ‘बारामती में सुप्रिया के खिलाफ सुनेत्रा को चुनाव नहीं लड़ना चाहिए था’


**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में अक्टूबर नवंबर तक होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर गरमाती सियासत और बढ़ते आरोप- प्रत्यारोपों के बीच रिश्तों की मिठास भी निकलकर बाहर आई है। हालांकि अनेक मौकों पर राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं में रिश्ते पीछे छूट जाते हैं।

इसी राजनीतिक उठापटक के बीच महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने स्वीकार किया है कि लोकसभा चुनाव के दौरान पत्नी सुनेत्रा पवार को अपनी बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव मैदान में नहीं उतारना चाहिए था। अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि सुनेत्र पवार को मनोनीत करने का निर्णय संसदीय बोर्ड ने लिया था। एक बार तीर कमान छूटने के बाद उसे वापस नहीं लिया जा सकता। लेकिन मेरा दिल आज मुझसे कहता है कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। अब उस फैसले को वापस नहीं लिया जा सकता।







### राजनीति को घर में नहीं घुसने देना चाहिए

एक कार्यक्रम के दौरान अजित पवार से पूछा गया कि क्या बारामती में आपकी कोई प्यारी बहन है? इस पर अजित पवार ने कहा राजनीति की जगह राजनीति है, लेकिन ये सभी मेरी प्यारी बहनें हैं। कई घरों में राजनीति चल रही है, लेकिन राजनीति को घर में घुसने नहीं देना चाहिए। हालांकि लोकसभा चुनाव के दौरान मुझसे एक गलती हो गई। चुनाव में मुझे अपनी बहन के खिलाफ सुनेत्रा पवार को खड़ा नहीं करना चाहिए था।

**रक्षाबंधन पर बहनें बारामती में हुई तो जाऊंगा मिलने**

अजित पवार से पूछा गया, क्या आप रक्षाबंधन पर सुप्रिया सुले से मिलने जाएंगे? इस पर अजित पवार का जवाब था, मैं इस समय राज्य भर के दौरे पर हूं। लेकिन अगर मैं राखी पूर्णिमा पर बारामती में हूं और मेरी बहनें वहां हैं, तो मैं निश्चित रूप से जाऊंगा।

### शरद पवार के हाथ लगी थी बारामती की बाजी

दरअसल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी में विभाजन के बाद बारामती लोकसभा सीट में दो गुट आपस में लड़ रहे थे। हालांकि सुप्रिया सुले बनाम सुनेत्रा पवार के बीच कांटे का मुकाबला था, लेकिन सुप्रिया सुले के साथ-साथ शरद पवार और अजित पवार की प्रतिष्ठा भी दांव पर थी। अंत में बाजी दिग्गज नेता शरद पवार के ही हाथ लगी और उन्होंने बारामती समेत महाराष्ट्र में ज्यादातर उन सीटों पर जीत हासिल की, जहां उनके गुट के उम्मीदवार उतरे थे।

### जगदंबिका पाल होंगे जेपीसी के अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदंबिका पाल वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर गठित संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष होंगे। पाल की अध्यक्षता में समिति इस विधेयक की जांच होगी। लोकसभा में विपक्ष ने इस विधेयक के प्रावधानों को विरोध किया है। इसके बाद केंद्र सरकार ने इस विधेयक को जांच के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजा दिया था। समिति में कुल 31 सदस्य हैं। इनमें से 21 सदस्य लोकसभा तो 10 सदस्य राज्य सभा से हैं। संसद के अगले सत्र में संयुक्त समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट पेश की जाएगी।

### अयोध्या में 6.86 एकड़ में बनेगा रामलला पार्क

**लखनऊ।** रामनगरी अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के अब बाद श्रीरामलला पार्क का निर्माण कराया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 6.86 एकड़ में यह पार्क बनेगा। इसके निर्माण पर 15 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। पार्क में भगवान राम का जन्म, बाल रूप की लीलाएं, गुरुकुल में शिक्षा-दिक्षा और ताड़का वध की कथा के साथ उनके जीवन का वर्णन करती मूर्तियां लगाई जाएंगी। भगवान राम के बचपन का दर्शन कराती कई झांकियां भी पार्क में होंगी। इसे पत्थर व कांसे से बनाया जाएगा। मां कौशल्या की गोद में खेलते हुए भगवान राम के बाल रूप की भव्य प्रतिमा भी लगाई जाएगी। पार्क में ओपन जिम, कैफेटेरिया, लाइट एंड साउंड शो और किड्स प्ले एरिया होगा। पार्क में रामायण काल के पौधे लगाए जाएंगे। पार्क में योगाभ्यास के लिए स्थान होगा। सफेद संगमरमर से बनाई गई योग की अलग-अलग मुद्राओं की मूर्तियां भी लगाई जाएंगी।

**भाजपा पदाधिकारियों की अहम बैठक 17 अगस्त को दिल्ली में**

# कौन बनेगा अध्यक्ष समेत कई मुद्दों पर होगा मंथन, चुनाव पर भी चर्चा

**चर्चा में हैं यह बिंदु**

- कमान किसी महिला या ओबीसी नेता को सौंपी जाने के कयास
- महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नाम भी चर्चा में
- लोकसभा चुनाव में यूपी व महाराष्ट्र में लगे झटके के बाद ओबीसी फैक्टर पर गौर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी की एक अहम बैठक 17 अगस्त को नई दिल्ली में होगी। इस दौरान पार्टी के सदस्यता अभियान को अंतिम रूप दिया जाएगा। नए पार्टी अध्यक्ष के चुनाव से पहले यह अभियान पूरा किया जाएगा। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न राज्यों में पार्टी संगठन के प्रभारी महासचिव और प्रदेशों के अध्यक्ष भी शामिल होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव और चार राज्यों में अक्टूबर नवंबर तक होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस बैठक को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लंबे समय से चर्चा है कि अध्यक्ष के औपचारिक चुनाव पहले भाजपा एक कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर सकती है। क्योंकि चुनाव के लिए सदस्यता अभियान छह महीने तक खिंच सकता है। सूत्रों के अनुसार पार्टी में नए अध्यक्ष को लेकर मंथन जारी है।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कयास यह भी हैं कि पार्टी का अगला अध्यक्ष कोई महिला या ओबीसी नेता भी हो सकता है। इससे पहले पार्टी की कमान किसी महिला के हाथ में नहीं रही। हालांकि पार्टी के अगले अध्यक्ष की दौड़ में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नाम भी चर्चा में है। फडणवीस के हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद उनके नाम को लेकर अटकलें और तेज हो गईं थीं। भाजपा के मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर शामिल होने के बाद पार्टी की ‘एक व्यक्ति एक पद’ की परंपरा के तहत उनकी जगह किसी और को अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है। वैसे भी नड्डा का बतौर अध्यक्ष कार्यकाल पूरा हो गया है। पार्टी ने लोकसभा चुनावों के मद्देनजर उनका कार्यकाल बढ़ा दिया था। नड्डा को पहली बार जून 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिसके बाद उन्हें औपचारिक रूप से जनवरी 2020 में अध्यक्ष चुना गया था। भाजपा के अध्यक्ष पारंपरिक रूप से आम सहमति से चुने जाते रहे हैं।



### अध्यक्ष समेत कई मुद्दों पर हुआ मंथन

पार्टी के नए अध्यक्ष समेत विभिन्न मुद्दे पर चर्चा के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के घर पर लंबी बैठक चली। करीब 5 घंटे तक चली बैठक के दौरान नए अध्यक्ष या कार्यकारी अध्यक्ष को लेकर मंथन किया गया। बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, महासचिव बीएल संतोष, संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले और संयुक्त सह सरकार्यवाह अरुण कुमार शामिल थे। बैठक में बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति और उनकी मदद के लिए उठाए जा सकने वाले कदमों पर चर्चा की गई। उनके मुताबिक, बैठक में केरल में आरएसएस की होने वाली समन्वय बैठक और अन्य राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

### संगठनात्मक चुनाव की तैयारी

भाजपा जहां एक तरफ संगठनात्मक चुनावों की तैयारी में है, जिसमें बूथों, मंडलों, जिलों और राज्यों में नई समितियों के गठन को शामिल किया जाना शामिल है। चूंकि भाजपा के प्रदेश संगठनों के चुनाव होने वाले हैं। इसलिए संभव है कि कम से कम आधे राज्यों में संगठन चुनाव संपन्न करा लिए जाएं, तब राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन हो। तब तक कोई कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर दिए जाए जिन्हें बाद में पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया जाए।

### राहुल-अखिलेश फैक्टर पर भी गौर

इसी वर्ष चार राज्यों महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव होने हैं, फिर अगले वर्ष दिल्ली और बिहार जैसे प्रमुख राज्यों की बारी आएगी। लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने बीजेपी को बड़ा झटका दिया है। वहां अच्छी-खासी संख्या में खासकर पिछड़ा और दलित वर्ग के मतदाताओं ने भाजपा से मुंह मोड़कर उसके विरोधियों का रुख कर लिया।

**चुनाव आयोग की केंद्रीय गृह सचिव के साथ महत्वपूर्ण बैठक आज**

## J&K के लिए विधानसभा चुनाव तिथियों की घोषणा पर मंथन संभव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चुनाव आयोग बुधवार को केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला के साथ एक बैठक करेगा। इस दौरान जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की जाएगी। 9 अगस्त को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपनी टीम के साथ जम्मू-कश्मीर का दौरा किया था और चुनाव तैयारियों की समीक्षा की थी। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान 20 अगस्त तक हो सकता है। माना जा रहा है कि अक्टूबर से लेकर नवंबर के पहले हफ्ते के बीच 6 चरणों में वहां मतदान कराया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद ये पहला विधानसभा चुनाव होगा। यदि चुनाव तिथियों की घोषणा हो जाती है तो जम्मू कश्मीर में 10 साल के बाद विधानसभा चुनाव होंगे। यहां 2014 के बाद से विधानसभा चुनाव नहीं हुए हैं। ज्ञात रहे कि जम्मू-कश्मीर के अलावा इस साल महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव होने है। ऐसे में संभव है कि चुनाव आयोग इन राज्यों के लिए भी चुनाव की तारीखों का ऐलान करेगा।

इससे पहले जम्मू कश्मीर के दौरे के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इस बात पर जोर दिया था कि आयोग केंद्र शासित प्रदेश में जल्द से जल्द विधानसभा चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



### सुरक्षा समीक्षा के बाद अंतिम फैसला

उम्मीद है कि गृह मंत्रालय के साथ सुरक्षा समीक्षा करने के बाद चुनाव आयोग जम्मू-कश्मीर के चुनाव की तारीखों पर अंतिम फैसला लेगा। सभी राजनीतिक दल जल्दी चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। वहीं, सरकार भी पूरी तरह तैयार दिख रही थी, लेकिन हाल ही में हुए आतंकी हमलों को लेकर चुनाव आयोग चिंतित बताया जाता है। सूत्रों के अनुसार उत्तरी कश्मीर के जिलों में सुरक्षा की स्थिति को देखते हुए, संवेदनशील इलाकों में पहले और दूसरे चरण में चुनाव कराए जा सकते हैं। इन इलाकों में दक्षिण कश्मीर के कुछ हिस्से भी शामिल हैं। उत्तरी कश्मीर में अनंतनाग, बारामुला, बुडगाम, बांदीपोर, गांदरबल, कुपवाड़ा, कुलगाम, पुलवामा, शोपियां और श्रीनगर जिले आते हैं। वहीं, दक्षिण कश्मीर में कठुआ, सांबा, रियासी, जम्मू, उधमपुर जैसे जिले शामिल हैं।

**गृह मंत्री शाह ने** ‘तिरंगा यात्रा’ को दिखाई हरी झंडी

## विकसित राष्ट्र बनाने लिए युवा आगे आएं

**एजेंसी** | अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि युवाओं को आगे आकर 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का प्रयास करना चाहिए। शाह अहमदाबाद में भाजपा की ‘तिरंगा यात्रा’ को हरी झंडी दिखाने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाने के बाद राष्ट्रीय ध्वज थामकर शाह ने कुछ दूरी तक पैदल चलकर यात्रा में हिस्सा लिया। इस दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उनके साथ थे। इस दौरान उन्होंने युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दो साल पहले शुरू किया गया ‘हर घर तिरंगा’ अभियान सिर्फ देशभक्ति की अभिव्यक्ति ही नहीं बना है, बल्कि यह 2047 तक भारत को एक महान और विकसित राष्ट्र बनाने की हमारी प्रतिज्ञा का प्रतीक भी बन गया है। जब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है, तो युवाओं को आगे आकर देश को अव्वल बनाने के उद्देश्य से काम करने की जरूरत है।



### 15 अगस्त तक ‘हर घर तिरंगा’ अभियान

देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 9 से 15 अगस्त तक ‘हर घर तिरंगा’ अभियान का तीसरा संस्करण मनाया जा रहा है। इसके पीछे का उद्देश्य देशभक्ति की भावना जगाना और तिरंगे के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।

**भाजपा ने उत्तर प्रदेश को लेकर कांग्रेस-सपा पर साधा निशाना**

## दो लड़कों की सियासी ताकत बढ़ी तो अपराधी बेखौफ

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा ने उत्तर प्रदेश में अपराधियों के हौसले बढ़ने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा है। भाजपा प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने मंगलवार को कहा कि ‘दो लड़कों’ की राजनीतिक ताकत में जब से इजाफा हुआ है, उत्तर प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। त्रिवेदी ने समाजवादी पार्टी पर अपराधियों को शरण देने का आरोप लगाया। साथ ही दुष्कर्म और दुष्कर्म के प्रयास के आरोप में कथित रूप से पार्टी जुड़े दो लोगों की गिरफ्तारी को लेकर पूर्व सीएम अखिलेश यादव पर हमला किया।

त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि सपा न केवल अपराधियों को “कवर फायर” प्रदान कर रही है, बल्कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के सदस्य भी अपने गठबंधन सहयोगियों के आपराधिक तत्वों को बचाने में एक-दूसरे की सहायता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपराधियों का समर्थन करना समाजवादी पार्टी के डीएनए में है। उन्होंने एक मामले में आरोपियों का दोष साबित करने के लिए डीएनए परीक्षण की सपा की मांग पर तंज कसते हुए कहा कि अपराधियों के साथ खड़े होना अखिलेश की पार्टी के ‘डीएनए’ में है।



### ममता बनर्जी पर भी साधा निशाना

भाजपा नेता ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा। उन्होंने सीएम ममता पर उनके इस रुख को लेकर निशाना साधा कि अगर कोलकाता पुलिस ने रविवार तक मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के साथ हुए जघन्य अपराध को नहीं सुलझाया तो वह इस मामले को सीबीआई को सौंप देंगी। उन्होंने ममता से सवाल पूछा कि क्या इतना समय इसलिए दिया जा रहा है ताकि मामले में हेरफेर किया जा सके? सुधांशु त्रिवेदी ने मामले की जांच तत्काल सीबीआई को सौंपने की मांग की।

**हरियाणा की चुनावी चिट्ठी**

# सजने लगी चुनावी चौसर, दावेदारों की दौड़ और कुर्सी की होड़ शुरू

**एजेंसी** | चंडीगढ़

हरियाणा में विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी सरगरमी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर भी होड़ जारी है। भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के ही पार्टी का चुनावी चेहरा रहने की उम्मीद है। हालांकि पार्टी इस तरह की कोई स्पष्ट घोषणा नहीं करती है। वहीं, कांग्रेस में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और कुमारी शैलजा सीएम फेस की मुख्य दावेदार मानी जा रही हैं। हरियाणा विधासभा का कार्यकाल 3 नवंबर 2024 को खत्म हो रहा है। नई सरकार का गठन तीन नवंबर से पहले होना है। ऐसे में चुनाव की चुनाव तिथियों की घोषणा कभी भी कर सकता है। दूसरी ओर राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल चुनाव तैयारियों में जुटे हैं। आम आदमी पार्टी ने भी राज्य में सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। भाजपा ने राज्य विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों के चयन के लिए पार्टी कार्यकताओं के बीच रायशुमारी की है। कांग्रेस के नेता राज्य में यात्रा निकाल रहे हैं।

### चुनाव आयोग ने लिया तैयारियों का जायजा



चुनाव आयोग विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए हरियाणा के दो दिवसीय दौरे पर है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. एसएस संधू के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग की टीम सोमवार को चंडीगढ़ पहुंची थी। मुख्य चुनाव आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों ने मंगलवार को चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी पंकज अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके अलावा मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर और प्रशासनिक सचिवों के साथ भी अहम बैठक की। आयेग के अधिकारियों ने प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

### चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं कई पूर्व नौकरशाह

इस बीच कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि 25 अगस्त के बाद विधानसभा चुनाव का ऐलान हो सकता है। वहीं, चुनाव से पहले कई सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस अधिकारी भी चुनाव में किस्मत आजमाने की तैयारी में हैं। कई रिटायर्ड नौकरशाह कांग्रेस का टिकट चाहते हैं। वहीं कई पूर्व अधिकारी ऐसे भी हैं जिन्होंने अप तक पत्ता खोला नहीं है और चुनाव के ऐलान का इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार टिकट की चाह रखने वाले लोगों ने जनता के बीच आना-जाना शुरू कर दिया है। इसमें पूर्व आईएएस अधिकारी विनय सिंह यादव का भी नाम है। वह नांगल चौधरी (महेंद्रगढ़) से कांग्रेस का टिकट चाहते हैं। उन्होंने कहा, पिछले कई महीनों से मैं इस इलाके में सक्रिय हूं और लोगों से चुनाव लड़ने के बारे में राय भी ली है। यहां से भाजपा के विधायक अभय सिंह यादव भी पूर्व आईएएस हैं। वह राज्य सरकार में सिंचाई मंत्री हैं। इसके अलावा रिटायर्ड जज राकेश यादव का नाम भी चर्चा में है। कयास हैं कि वह नारनौल सीट से कांग्रेस का टिकट चाहते हैं। वह चाहते हैं कि अहीरवाल के मुद्दे का हल निकले और नहर का पर्याप्त पानी मिले। एक अन्य रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए हैं। वह भी नारनौल से ही टिकट चाहते हैं। अन्य पूर्व आईएएस अधिकारी चंद्र प्रकाश ओबीसी वर्ग से आते हैं। वह नालवा, हिसार से चुनाव लड़ने की इच्छा रखते हैं।

### मैं न ‘टायर्ड’ हूं और ना ही ‘रिटायर्ड’ : भूपेंद्र हुड्डा



इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वह न तो ‘टायर्ड’ हैं और न ही ‘रिटायर्ड’ हैं, लेकिन पार्टी को बहुमत मिलने के बाद आलाकमान मुख्यमंत्री के बारे में फैसला करेगा। हुड्डा ने पार्टी में गुटबाजी की बात को भी खारिज करते हुए कहा कि मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं है और आगामी चुनाव सभी नेता एकजुट होकर लड़ेंगे। उन्होंने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी बहुमत मिलने की उम्मीद जताई और कहा कि जननायक जनता पार्टी (जजपा) और इंडियन नेशनल लोक दल ‘वोट कटवा’ पार्टी हैं जिनका कोई असर नहीं होने वाला है क्योंकि प्रदेश की 36 बिरादरी कांग्रेस को सत्ता में वापस लाने का मन बना चुकी है। ज्ञात रहे कि हाल ही लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को प्रदेश की 10 में पांच सीट हासिल हुईं।

## जरूरी खबर

### युद्धाभ्यास में 'तेजस' ने दिखाया जबर्दस्त दमखम

**तमिलनाडु।** स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान तेजस एलसीए एमके-1 ने तरंग शक्ति 2024 में अपना दमखम दिखाया है। यह युद्धाभ्यास भारत में आयोजित सबसे बड़ा बहुपक्षीय हवाई युद्ध अभ्यास है। वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने मंगलवार को कहा है कि तेजस के साथ-साथ आधुनिक लड़ाकू विमानों ने कई मिशन में अपनी उपयोगिता साबित की। वीआर चौधरी ने कोयंबटूर के पास सुलूर एयरबेस पर अभ्यास के पहले चरण के समापन पर मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, तेजस ने दिखाया है कि आकार मायने नहीं रखता। विमान ने 'ब्लू फोर्स' और 'रेड फोर्स' दोनों के हिस्से के रूप में युद्ध सेटिंग्स में अपनी क्षमताओं को साबित किया है। वायुसेना के पास लगभग 40 एलसीए एमके-1 हैं और ये सभी सुलूर में स्थित हैं। तरंग शक्ति 2024 का पहला चरण 6 अगस्त को शुरू हुआ था।

### बाबा रामदेव व बालकृष्ण को राहत माफीनामा स्वीकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को योग गुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ चल रहा अवमानना का मुकदमा बंद कर दिया। शीर्ष अदालत से रामदेव और बालकृष्ण को यह राहत लिखित में माफी मांगने के बाद मिली है। इस माफी में कहा गया कि आगे से पतंजलि के उत्पादों को लेकर भ्रामक दावे और गुमराह करने वाले विज्ञापन नहीं किए जाएंगे। ज्ञात रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में 14 मई को पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड, योग गुरु रामदेव और उनके सहयोगी बालकृष्ण पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

### J&K: पटनीटॉप में आतंकियों के साथ मुठभेड़ जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पटनीटॉप के पास अकर जंगल में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। खुफिया जानकारी मिलने पर सेना और पुलिस की टीम ने इलाके में घेराबंदी की। खुद को घिरता देख दहशतगर्दों ने गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी का सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। उधर उधमपुर की तहसील रामनगर के डूडू बसंतगढ़ के पहाड़ी क्षेत्र में चार आतंकवादी देखे गए। मंगलवार देर शाम आतंकियों की मौजूदगी पर सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया। अपनी तरफ सुरक्षाबलों का घेरा बढ़ता देख आतंकी सियोजधार के रास्ते अस्सर होते हुआ जिला डोडा की तरफ निकल गए।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह का पूर्वाभ्यास



*नई दिल्ली। देशभर में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियां जारी हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 15 अगस्त को लाल किले में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के लिए मंगलवार को फुल ड्रेस रिहर्सल (समग्र पूर्वाभ्यास) हुआ। फोटो में समारोह के पूर्वाभ्यास की झलक।*

### 400 पंचायत प्रतिनिधि व लखपति दीदी होंगे विशेष अतिथि

**नई दिल्ली।** लाल किले पर आयोजित होने वाले 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में देशभर से 400 महिला पंचायत प्रतिनिधियों को विशेष अतिथि के रूप में बुलाया गया है। पंचायती राज मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उनके अलावा 45 लखपति दीदियों और करीब 30 ड्रोन दीदियों को भी विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान उन्हें सम्मानित भी करेंगे। पंचायतों की महिला प्रतिनिधियों को पंचायती राज मंत्री ललन सिंह सम्मानित करेंगे। इन महिलाओं के लिए बुधवार को एक राष्ट्रीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है, जिसमें पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल और नवज्योति इंडिया फाउंडेशन की संस्थापक किरण बेदी और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी संबोधित करेंगे। कार्यशाला में महिला प्रतिनिधियों की उभरती भूमिका के साथ-साथ जमीनी स्तर पर "सरपंच पति" की प्रथा पर भी चर्चा की जाएगी। पीआईबी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है।

## कोलकाता: महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या का मामला

# हाई कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने संभाली जांच

एजेंसी | कोलकाता

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में मंगलवार को सीबीआई जांच के आदेश दिए। इसके बाद जांच एजेंसी ने केस की जांच अपने हाथ में ले ली। एजेंसी ने हाई कोर्ट के आदेश के कुछ ही घंटों के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कर लीं, जिसमें राज्य पुलिस को मामले के दस्तावेज सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि फॉरेंसिक और चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ दिल्ली से सीबीआई अधिकारियों का एक दल बुधवार को कोलकाता पहुंचेगा। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच के लिए एक स्पेशल टीम का गठन किया गया है।




इससे पहले हाई कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि महिला चिकित्सक की हत्या से संबंधित सभी दस्तावेज बुधवार सुबह 10 बजे तक सीबीआई को सौंपे जाएं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि दुर्लभ मामलों में निष्पक्ष और सही जांच के लिए यह जरूरी है। हाईकोर्ट ने कहा कि हमने पुलिस को जांच के लिए समय दिया होता, लेकिन मामला अजीब है। घटना के 5 दिनों के बाद भी पुलिस किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंची है। इस बात की पूरी संभावना है कि सबूत मिटा दिए जाएंगे। इसलिए हमें लगता है कि मामला तुरंत सीबीआई को ट्रांसफर किया जाना चाहिए।

### प्रिंसिपल के इस्तीफे व नियुक्ति पर उठाए सवाल

हाईकोर्ट ने घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ संदीप कुमार घोष के इस्तीफे और दूसरी कॉलेज में उनकी नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा, प्रिंसिपल ने अपना इस्तीफा दे दिया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनके इस्तीफे पर क्या आदेश जारी किए गए थे। बल्कि इस्तीफे के 12 घंटे के भीतर उन्हें कोलकाता के नेशनल मेडिकल कालेज का प्रिंसिपल बना दिया गया। प्रशिक्षु चिकित्सक के माता-पिता ने अदालत की निगरानी में मामले की जांच के अनुरोध के साथ उच्च न्यायालय का रुख किया था। उच्च न्यायालय में कुछ जनहित याचिकाएं भी दाखिल की गई थीं, जिनमें मामले की सीबीआइ से कराने का अनुरोध किया गया था। खंडपीठ ने पाया कि जांच में कुछ कमी है।

## बॉम्बे हाई कोर्ट का अहम फैसला

# स्पर्म या अंडाणु डोनर का बच्चे पर कानूनी अधिकार नहीं

एजेंसी | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसले में कि स्पर्म या अंडाणु दान करने वाले का बच्चे पर कोई कानूनी अधिकार नहीं होता और वह उसका जैविक माता-पिता होने का दावा नहीं कर सकता। हाई कोर्ट ने इसी के साथ 42 वर्षीय महिला को उसकी 5 साल की जुड़वां बेटियों से मिलने की अनुमति दे दी। महिला ने अपनी याचिका में कहा कि सरोगेसी के जरिए पैदा हुई उसकी बेटियां उसके पति और अंडाणु दान करने वाली छोटी बहन के साथ रह रही हैं।



याचिकाकर्ता के पति ने दावा किया था कि चूंकि उसकी साली ने अंडाणु दान दिया था, इसलिए उसे जुड़वा बच्चों की जैविक माता कहलाने का वैध अधिकार है और उसकी पत्नी का उन पर कोई अधिकार नहीं है। हालांकि, जस्टिस मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने पति की दलील को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता की छोटी बहन अंडाणु दान करने वाली है, लेकिन उसे यह दावा करने का कोई वैध अधिकार नहीं है कि वह जुड़वा बच्चों की जैविक मां है।

### केवल आनुवंशिक मां बनने का हक

अदालत ने कहा कि छोटी बहन की भूमिका अंडाणु दान करने की है, बल्कि वह स्वैच्छिक दानकर्ता है। अधिक से अधिक वह आनुवंशिक मां बनने की अर्हता रखती है, इससे अधिक कुछ नहीं। मामले में अदालत की सहायता के लिए नियुक्त न्यायमित्र ने सूचित किया कि अलग हो चुके जोड़े के बीच सरोगेसी समझौता 2018 में हुआ था। उस समय सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम 2021 लागू नहीं था, इसलिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की ओर से 2005 में जारी दिशानिर्देश इस समझौते पर लागू होते हैं। अदालत ने कहा कि दिशानिर्देशों के नियम के अनुसार, दानकर्ता और सरोगेट मां को सभी अभिभावकीय अधिकार त्यागने होंगे। साथ ही कहा कि वर्तमान मामले में जुड़वां बच्चियां याचिकाकर्ता और उसके पति की बेटियां होंगी।

### राम रहीम को मिली 21 दिन की फरलो

**सोनीपत।** हरियाणा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बाबा राम रहीम जेल से बाहर आ गया है। प्रदेश सरकार ने उसे 21 दिन की फरलो दिया है। मंगलवार सुबह हनीप्रीत सुनारिया जेल से राम रहीम को लेकर यूपी के बरनावा आश्रम के लिए रवाना हुई। पुलिस सुरक्षा में राम रहीम को जेल से यूपी ले जाया गया है। गुरमीत को साध्वी दुष्कर्म मामले में वर्ष 2017 में सजा सुनाई गई थी। बाद में उसे छत्रपति हत्याकांड और रणजीत हत्याकांड में भी सजा हो चुकी है। तभी से वह सुनारिया जेल में बंद है।

## कांग्रेस पदाधिकारयों की अहम बैठक

# कांग्रेस 22 अगस्त को करेगी ईडी कार्यालयों का घेराव

- हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर आंदोलन
- सेबी प्रमुख के इस्तीफे की मांग




एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों पर बढ़ते विवाद के बीच कांग्रेस ने मंगलवार को घोषणा की कि वह 22 अगस्त को सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच के इस्तीफे और अडाणी समूह के मुद्दे की संयुक्त संसदीय समिति से जांच की मांग, जातिगत जनगणना और संविधान को लेकर देशव्यापी आंदोलन करेगी। इसके तहत पार्टी इस दिन देशभर में प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालयों का घेराव करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को दिल्ली में हुई पार्टी की एक अहम बैठक के बाद की। बैठक में पार्टी के सभी महासचिवों, राज्य इकाई प्रमुखों और एआईसीसी के राज्य प्रभारियों ने भाग लिया।

बैठक के बाद खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सेबी और अडाणी के बीच सांठगांठ के चौंकाने वाले खुलासे की गहन जांच की जरूरत है। शेयर बाजार में छोटे निवेशकों के पैसे को खतरे में नहीं डाला जा सकता। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि बैठक में सेबी प्रमुख के इस्तीफे और अडाणी के मुद्दे की जेपीसी जांच की मांग को लेकर देशव्यापी आंदोलन करने का फैसला किया गया। सेबी के मुखिया को पद से इस्तीफा देना चाहिए।

### SC-ST आरक्षण पर संसद में रुख साफ करे सरकार

इस बैठक में यह भी तय हुआ है कि पार्टी एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर के मुद्दे पर सरकार से संसद में विधेयक लाकर अपना रुख साफ करने की मांग करेगी। इसके साथ-साथ पार्टी एससी-एसटी आरक्षण में कोटे में कोटा मामले में एक कमेटी बनाएगी जो सभी से चर्चा करने के बाद अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी बात रखूंगा: राहुल गांधी

राहुल गांधी से जब हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह गहराई वाला मामला है। इस पर मैं राह चलते बात नहीं करूंगा। इस मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करूंगा और अपनी बात रखूंगा।

## सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट

# 2036 तक 152.2 करोड़ हो जाएंगे हम, बच्चे कम...बुजुर्ग होंगे ज्यादा

- लिंगानुपात में होगा सुधार: महिलाओं की संख्या होगी 952
- घट जाएगी 15 साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या



एजेंसी | नई दिल्ली

देश की की जनसंख्या 2036 तक 152.2 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। इसमें महिलाओं की संख्या भी थोड़ी बढ़कर 48.8 प्रतिशत हो जाएगी, जो 2011 में 48.5 प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में महिला और पुरुष के लिंगानुपात में सुधार होगा। इसका अर्थ है कि महिलाओं की संख्या में थोड़ा सुधार होगा। यह 2011 के 48.5 प्रतिशत की तुलना में 48.8 प्रतिशत हो जाएगा। 'भारत में महिलाएं और पुरुष 2023' नामक इस रिपोर्ट में कहा गया है कि हर 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या भी बढ़ेगी। साल 2011 में यह 943 थी, जो 2036 तक 952 हो जाएगी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अब से पहले की तुलना में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं और बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है। साथ ही, पुरुषों और महिलाओं के बीच कई क्षेत्रों में अंतर भी दिखाई दे रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 15 साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या 2011 से 2036 के बीच घटेगी। ऐसा जन्म दर कम होने की वजह से हो सकता है। इसके उलट, 60 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की संख्या में इस दौरान काफी बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### महिलाओं की स्थिति में बदलाव

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2036 की जनसंख्या की तुलना में 2011 की जनसंख्या में महिलाओं की संख्या कम थी। लेकिन अब स्थिति बदल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, लिंगानुपात में सुधार हो रहा है। साल 2011 में हर 1000 पुरुषों पर 943 महिलाएं थीं, लेकिन 2036 तक यह बढ़कर 952 हो जाने की उम्मीद है। यह लैंगिक समानता की दिशा में एक अच्छी शुरुआत है। रिपोर्ट के अनुसार, 2016 से 2020 के बीच 20 से 24 साल और 25 से 29 साल की उम्र वाली महिलाओं में बच्चे पैदा करने की दर कम हुई है। यह दर पहले 135.4 और 166.0 थी, जो घटकर 113.6 और 139.6 हो गई। वहीं, 35 से 39 साल की उम्र वाली महिलाओं में बच्चे पैदा करने की दर 32.7 से बढ़कर 35.6 हो गई है। इसका मतलब है कि जीवन में बसने के बाद महिलाएं परिवार बढ़ाने के बारे में सोच रही हैं।

### बहुत महत्वपूर्ण होते हैं आंकड़े

लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और मापने के लिए लैंगिक आंकड़े बहुत महत्वपूर्ण हैं। ये हमें प्रगति का पैमाना देते हैं और पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता और अंतर को दिखाते हैं। यह रिपोर्ट भारत में महिलाओं और पुरुषों की स्थिति की पूरी जानकारी देती है। इसमें जनसंख्या, शिक्षा, स्वास्थ्य, कामकाज और फैसले लेने की स्थिति के बारे में आंकड़े दिए गए हैं। रिपोर्ट में शहरों और गांवों के बीच और अलग-अलग राज्यों के बीच के अंतर को भी दिखाया गया है। इन आंकड़ों को अलग-अलग मंत्रालयों, विभागों और संगठनों के आंकड़ों से लिया गया है।

### महिलाओं के लिए शिक्षा है अहम

रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2020 में अनपढ़ महिलाओं में किशोर अवस्था में बच्चे पैदा करने की दर 33.9 थी, जबकि पढ़ी-लिखी महिलाओं में यह दर 11.0 थी। इसी तरह, अगर देखा जाए तो जिन महिलाओं को पढ़ना-लिखना आता है लेकिन कभी स्कूल नहीं गई, उनमें यह दर 20.0 थी, जो अनपढ़ महिलाओं की तुलना में काफी कम है। इससे यह बात फिर से साबित होती है कि महिलाओं को शिक्षित करना कितना जरूरी है।

### 'विरासत से विकास' उत्सव में 'क्लासिक अमंग ट्रेंड्स' विषय पर हुआ संवाद

# युवाओं को उनके गांवों में ही रोजगार देकर शहरों की ओर पलायन रोकने का प्रयास

**बेधड़क.जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से 'अतुल्य अगस्त' के तहत आयोजित 'विरासत से विकास' उत्सव का मंगलवार को तीसरा दिन रहा। कला एवं संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने उत्सव के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने टाइमलेस टेक्सटाइल ट्रेडिशन एग्जीबिशन में संजोए गए हैंडलूम प्रोडक्ट्स, ट्राइबल आर्ट और वेस्ट मटेरियल से बने प्रोडक्ट्स की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। रघुकुल ट्रस्ट के क्यूरेशन में आयोजित उत्सव में 'क्लासिक अमंग ट्रेंड्स' विषय पर हुए संवाद प्रवाह में जोगी आर्ट विशेषज्ञ गोविंद जोगी और टेक्सटाइल आर्टिस्ट आशीष जैन ने विचार साझा किए और फेस्टिवल क्यूरेटर और सोशल एंटरप्रेन्योर साधना गर्ग ने सत्र का संचालन किया।



### 'प्रदर्शनी से विरासत को समझ सकेंगे आमजन'

राठौड़ ने कहा कि 'विरासत से विकास' प्रदर्शनी का उद्देश्य हमारी समृद्ध धरोहर और इतिहास से आमजन को रूबरू करवाना है। इस प्रदर्शनी में वर्षों पुरानी कला का प्रदर्शन टेक्सटाइल और हैंडलूम के माध्यम से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जयपुर के पर्यटक, कलाकार, और छात्र हमारी विरासत को समझ सकेंगे। यह प्रयास है मेहनती कलाकारों और उनकी कला को प्रोत्साहित करने का।



### युवाओं को रोजगार देने का प्रयास

संवाद प्रवाह में टोंक की दूनी तहसील निवासी टेक्सटाइल आर्टिस्ट आशीष जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हस्तनिर्मित वस्त्रों का विशेष महत्व रहा है। आशीष जैन हस्तनिर्मित वस्त्रों को प्रमोट करने के लिए आवाह नाम से प्रोडक्ट चला रहे हैं। उनका कहना है कि राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित अनोखी साड़ियां तैयार कर युवाओं को रोजगार देने का प्रयास किया जा रहा है। इससे टोंक जिले में पलायन को रोकने की कोशिश की जा रही है। उनके टेक्सटाइल आर्ट का हुनर बड़ी कंपनियों के साथ काम करने का मौका दे रहा है। विशेष रूप से रीसायकल, रिन्यू, और रिक्रिएट थीम पर आधारित प्रोजेक्ट्स के तहत दूध की थैलियों को इकट्ठा कर उन्हें फैब्रिक में बदलने का कार्य किया जा रहा है।

### जोगी आर्ट की पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा

जोगी आर्ट विशेषज्ञ गोविंद जोगी, सिरोही के मगरीवाड़ा गांव के एक ट्राइबल आर्टिस्ट हैं। उन्होंने बताया कि उनके पूर्वज कई वर्षों से पारंपरिक रूप से रावण हत्था बजाते थे। बाद में उनके पिता ने जोगी कला को एक पेशे के रूप में अपनाया और अब राजस्थान और अहमदाबाद में कुल 22 जोगी आर्टिस्ट हैं। इस कला पर कई किताबें और फिल्में भी बन चुकी हैं, जिनमें एक किताब उनकी मां तेजू बाई पर भी लिखी गई है। फेस्टिवल क्यूरेटर और सोशल एंटरप्रेन्योर साधना गर्ग ने बताया कि इस आयोजन में विरासत का महत्व स्थापित करने के लिए उन्होंने घर-घर जाकर सहयोग मांगा। जयपुर वासियों ने अपने पूर्वजों की निशानियों को प्रदर्शनी के लिए उपलब्ध करवाया। उन्होंने जयपुर के कला प्रेमियों की सराहना करते हुए कहा कि यहां कला का जो महत्व है, वह देशभर में कहीं और देखने को नहीं मिलता।

## अर्हं स्वात्म साधना शिविर शुरू



**बेधड़क. जयपुर।** मीरामार्ग स्थित आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर ससंघ के सानिध्य में मंगलवार से 5 दिवसीय अर्हं स्वात्म साधना शिविर शुरू हुआ। शिविर में देशभर से 200 से अधिक शिविरार्थी भाग ले रहे हैं। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया और मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि मंगलवार को शिविरार्थियों की स्वास्थ जांच व शारीरिक और मानसिक रूप से जांच की गई। शिविरार्थी पांच दिनों तक बाहरी सांसारिक गतिविधियों से दूर रहते हुए बिना मोबाइल के मौन रहेंगे। कार्यकारिणी सदस्य अरुण जैन व अशोक छाबड़ा ने बताया कि शिविर में क्षणिक और सदैव व्यस्त जीवन व क्षण भंगुरता में कुछ क्षण स्वयं के लिए निकालने के उपाय बताएं जाएंगे। मुनि ने अर्हम इन्द्रों के 9वें सुखों का वर्णन किया। इससे पूर्व शुभम भैया व संगीतकार नरेन्द्र जैन के निर्देशन में आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर महाराज व मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढ़ाया गया।

## अमित मीडिया प्रभारी नियुक्त



**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सोमानी ने अमित परनामी को राजस्थान का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। अमित की नियुक्ति संगठन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण अग्रवाल की अनुशंसा पर हुई। नियुक्ति पर राजापार्क व्यापार मंडल उपाध्यक्ष राजीव आहूजा, मंत्री सुनील वर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## पौधे बांट ग्रीनरी लाने का प्रयास



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स को ग्रीनरी लाने के लिए 500 पौधे बांटकर उनको रोपने और उनकी देखभाल का संकल्प दिलाया गया। खोले के हनुमान मंदिर में हुए 'एक पेड़ मां के नाम लगाएं-पर्यावरण योद्धा कहलाएं' प्रोग्राम में बड़ी संख्या में शहरवासी पहुंचे। पर्यावरण वन जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद (भारत) के चेयरमेन राहुल द्विवेदी ने बताया कि सावन के महीने में खोले के हनुमान मंदिर में इस मौके पर प्रसादी का आयोजन भी किया गया, जिसमें सावनी फुहारों के साथ सभी ने भगवान के जयकारे लगाए।

## City इवेंट्स

### देश भक्ति गीतों पर झूमा जयपुर




**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में देश भक्ति गीतों का कार्यक्रम 'हम गीत वतन के गाएंगे' आयोजित किया गया। दर्शक संस्था व राधिका कल्चर सोसायटी के कार्यक्रम के संयोजक प्रोमिला राजीव ने बताया कि कार्यक्रम में संगीत गुरु राजीव भट्ट के निर्देशन में 60 कलाकारों ने देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में भारत वर्ष की कालजयी रचना 'वंदेमातरम' को राजीव भट्ट ने राग शंकरा, यमन और हंसध्वनि के स्वरों से नई अनुभूतियों के साथ पेश किया। रचना को 60 कलाकारों ने एक साथ मंच पर प्रस्तुत किया। पं. सलिल भट्ट, राज्य के पूर्व महाधिवक्ता गिरधारी सिंह बापना और दर्शक कॉलेज ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट्स के मानद चेयरमैन ठाकुर ध्रुव बहादुर सिंह कार्की ने उद्घाटन किया। की-बोर्ड अवनीश गोस्वमी, गिटार संजय माथुर, तबला सावन डांगी, ऑक्टापैड पर भवानी डांगी और ढोलक पर पवन डांगी ने संगत की।

### वात्सल्य पर्व के रूप में मनाएंगे राखी

**बेधड़क. जयपुर।** रक्षा बंधन को जैन समाज एक-दूसरे की रक्षा के पर्व या वात्सल्य पर्व के रूप में मनाएंगे। दरअसल रक्षाबंधन के दिन मुनिराज विष्णु कुमार ने वामन का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा में तीन पैर धरती मांगी और तीन पग में सारा संसार नाप कर 700 मुनियों की रक्षा की और राजा बलि को देश से निकाल दिया। यह दिन जैन धर्म के 11वें तीर्थंकर श्रेयांस नाथ का निर्वाण दिवस भी है।

### डॉ. मधु भट्ट तैलंग अध्यक्ष नियुक्त




**बेधड़क. जयपुर।** डॉ. मधु भट्ट तैलंग संस्कार भारती जयपुर प्रांत की अध्यक्ष निर्वाचित की गई हैं। जयपुर प्रांत की साधारण सभा की बैठक में जयपुर प्रांत के क्षेत्राधिकार में विभिन्न जिलों टोंक, सीकर, झुंझूनू, बहरोड़, जयपुर ढूंढाड़ सांस्कृतिक क्षेत्र, महानगर जयपुर, इकाइयों के पदाधिकारी व सदस्य प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हुए, जहां ये निर्णय लिया गया। बनवारी लाल चेजारा जयपुर प्रांत महामंत्री नियुक्त किए गए तो मदन मोहन सिंह चौहान प्रांत कोषाध्यक्ष नियुक्त हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री अश्विन दलवी ने कहा कि संस्कार भारती कला जगत में वैचारिक संगठन है। कला के विभिन्न आयामों को अपनी कार्ययोजना में लेते हुए हमें परम्परागत विधाओं की परिसीमा से बाहर आकर कार्यक्रम और कला-संस्कारों में नवाचार अपनाने होंगे। नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मधु भट्ट तैलंग ने आभार व्यक्त किया और कहा कि सबके सहयोग और समर्थन से मिलकर काम करेंगे।

### मस्कुलोस्केलेटल सोसायटी कॉन्फ्रेंस 16 से

## 21 देशों के 700 डॉक्टर्स जयपुर में करेंगे नई तकनीक पर बात




**बेधड़क | जयपुर**

केडेवर वर्कशॉप में देश-दुनिया के डॉक्टर्स नई रिसर्च करेंगे और जटिल बीमारियों से निपटने की तकनीक खोजी जाएगी। मौका होगा मस्कुलोस्केलेटल सोसायटी कॉन्फ्रेंस के 12वें संस्करण का, जो 16 से 18 अगस्त तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में होगा।

सम्मेलन में भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया समेत 21 देशों के 700 से अधिक मस्कुलोस्केलेटल इंटरवेंशनल एक्सपर्ट डॉक्टर हिस्सा लेंगे। इनमें 28 से अधिक इंटरनेशनल लेवल फैकल्टी हैं। कॉन्फ्रेंस में लेक्चर और वर्कशॉप के जरिए स्पोर्ट्स इंजरी, जॉइंट पेन, नर्व पेन आदि मस्कुलोस्केलेटल संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के डाइग्नोसिस और इलाज पर प्रकाश डाला जाएगा। ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. एमपी गोयल और डॉ. गौरव कांत शर्मा, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी व डायरेक्टर जयपुर इंस्टीट्यूट ऑफ पेन एंड स्पोर्ट्स इंजुरीज ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉ. भीभू कल्याण नायक निदेशक नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स साइंसेस नई दिल्ली और विशिष्ट अतिथि डॉ. अब्दुल्ला अलरेमैथी रेडियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ एमिरेट्स (दुबई) के अध्यक्ष शामिल होंगे।

### श्रीशक्ति पीठ से यात्रा की हुई शुरुआत

## शहीद हुए वीरों को राष्ट्रीय रक्षा बंधन यात्रा में किया याद



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के श्रीशक्ति पीठ से राष्ट्रीय रक्षा बंधन यात्रा की शुरुआत हुई। यात्रा वात्सल्य साधना केंद्र जामडोली में आरती के बाद वहां से अमर जवान ज्योति जयपुर तक वाहन रैली निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व पीठ की संस्थापक साध्वी समदर्शी कर रही हैं, जिसमें श्रीशक्ति पीठ की पूरी टीम शामिल है। सचिव प्रियंका परमानंद ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा को बढ़ावा देना और सैनिक और समाज में तारतम्य स्थापित करना है। साथ ही देश के लिए शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि देकर राष्ट्र की ओर कृतज्ञता ज्ञापित करना है। अमर जवान ज्योति पहुंचने पर टीम ने शहीदों को अशोक चक्र अर्पित किया।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधायक बालमुकुंदाचार्य, संस्था संरक्षक जुगल किशोर (केंद्रीय मंत्री वीएचपी), रामबाबू आमेरियन और रामबिलास बिरला के साथ राष्ट्रीय सैनिक समिति अध्यक्ष उपस्थित रहे। इन्होंने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर उसकी शुरुआत की। जयपुर के स्कूलों से 82000 राखियां साथ लेकर यात्रा जयपुर से भारत-चीन सीमा गंगोत्री तक जाएंगी और राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा का संदेश देगी।

**कार्यशाला** मेंसुरेशन और रिप्रोडक्टिव हेल्थ से जुड़े मिथ्यों को खत्म करने की हुई शुरुआत

# महिलाओं के समग्र कल्याण के लिए मजबूत नेटवर्क होना जरूरी

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर में दो दिवसीय मेन्सुरल हाइजीन मैनेजमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत की गई। कार्यशाला में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 12 महिलाओं को एकजुट किया गया है, जो अब मेन्सुरल हाइजीन शिक्षा को बढ़ावा देकर समुदायों में परिवर्तन लाने का कार्य करेंगी। धरा शक्ति फाउंडेशन (डीएसएफ) की वर्षगांठ पर आयोजित प्रोग्राम में कई लोगों ने हिस्सा लिया। हाल ही में शुरू की गई डीएसएफ पीरियड चेंजमेकर्स पहल का उद्देश्य नई पीढ़ी को मेन्सुरल हाइजीन ट्रेनर्स के रूप में तैयार करना है। इन चेंजमेकर्स को ज्ञान और कौशल देकर कर इस पहल का व्यापक प्रभाव पड़ेगा और राजस्थान के 8 से अधिक जिलों की लगभग 10,000 महिलाएं लाभान्वित होंगी।



### रीयूजेबल मेन्सुरल हाइजीन किट्स वितरित

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रोजेक्ट बाला द्वारा रीयूजेबल मेन्सुरल हाइजीन किट्स का वितरण किया गया, जिनमें से हर में तीन रीयूजेबल पैड थे जो दो वर्षों तक चलने के लिए डिजाइन किए गए हैं। फाउंडेशन संस्थापक देविका शेखावत ने कहा कि राजस्थान में महिलाओं के गंभीर स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों का समाधान करने और एक का प्रयास कर रहे हैं। मिशन मेंसुरेशन और रिप्रोडक्टिव हेल्थ से जुड़े मिथ्यों को खत्म करना, महिलाओं को तर्कपूर्ण निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाना और राजस्थान के विकास में सक्रिए रूप से योगदान देना है।

### वंचित क्षेत्रों तक पहुंचने पर जोर

नव प्रशिक्षित चेंजमेकर्स उन वंचित क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए काम करेंगे, जहां मेन्सुरल हाइजीन संबंधी जानकारी और उत्पादों की पहुंच सीमित है। सशक्त महिलाओं का एक मजबूत नेटवर्क बनाकर लक्ष्य महिलाओं और लड़कियों के मेन्सुरल हेल्थ और समग्र कल्याण पर स्थाई प्रभाव डालना है।



## महायुद्ध का बजने वाला है बिगुल!

# इजराइल पर हमले को तैयार ईरान, सबसे बड़ी चेतावनी जारी

■ यूरोपीय देशों की युद्ध से बचने की अपील ईरान ने ठुकराई

**एजेंसी** | तेहरान

ईरान जल्द ही इजराइल के ऊपर बड़ा हमला कर सकता है। वाइट हाउस ने खुफिया जानकारी का हवाला देते हुए यह चेतावनी जारी की है। इसमें कहा गया कि आने वाले दिनों में ईरान या उसके प्रतिनिधियों की ओर से इजराइल पर हमले की आशंका बढ़ गई है।

प्रवक्ता जॉन एफ किर्बी ने कहा कि संभावित हमला इसी हफ्ते जल्द से जल्द हो सकता है। यह अलर्ट ऐसे वक्त जारी किया गया है जब इजराइल पहले से ही जवाबी हमले के लिए तैयार बैठा है। ऐसे में माना जा रहा है कि किसी भी समय महायुद्ध का बिगुल बज सकता है।

दरअसल, ईरान हाल के 2 हमलों को लेकर इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की फिराक में है। इसे लेकर मिडिल-ईस्ट हाई अलर्ट पर है। 31 जुलाई को इजराइल ने तेहरान में हमला करके हमास नेता इस्माइल हानियेह की हत्या कर दी। इसके बाद लेबनान में हिज्बुल्लाह के सीनियर कमांडर फुआद शुकर को हवाई हमले में ढेर कर दिया।

अब अमेरिका, फ्रांस और जर्मनी ने ईरान से आगे ऐसी कार्रवाइयों से बचने की अपील की है, जिससे मध्य-पूर्व में स्थिति और बिगड़ सकती है। इसे लेकर ब्रिटेन सरकार की ओर से संयुक्त बयान जारी किया गया है।








### 'सहमति बनाने के अवसर को खतरे में न डालें'

ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने संयुक्त बयान में कहा गया, 'हम ईरान और उसके सहयोगियों से ऐसे हमलों से बचने का आह्वान करते हैं, जो क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ाएंगे। युद्धविराम और बंधकों की रिहाई पर सहमति बनाने के अवसर को खतरे में डालने से बचना होगा। वे उन कार्रवाइयों के लिए जिम्मेदार होंगे, जो शांति व स्थिरता के इस अवसर को खतरे में डालती हैं। मध्य-पूर्व में तनाव को और बढ़ाने से किसी भी देश या राष्ट्र को कोई लाभ नहीं होगा।' इस बीच, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने 15 अगस्त को गाजा पट्टी में युद्ध विराम पर इजराइल के साथ वार्ता के अंतिम दौर में भाग लेने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।

### किसी की इजाजत नहीं चाहिए, इजराइल को देंगे जवाब

तेहरान में घुसकर हमास नेता इस्माईल हानियेह की हत्या के बाद ईरान इजराइल पर तिलमिलाया हुआ है। इजराइल को सजा भुगतने की धमकी देने के बाद ईरान ने खुली चुनौती भी दे दी है। इस बीच अमेरिका और यूरोपीय देशों के कुछ नेताओं ने ईरान से शांति बनाए रखने की अपील की, जिसे ईरान ने ठुकरा दिया है। तीन यूरोपीय देशों के प्रमुख ने ईरान से किसी भी जवाबी हमले से बचने की मांग की थी। उनका कहना था कि इससे क्षेत्रीय तनाव और बढ़ सकता है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को एक संयुक्त बयान जारी कर इजराइल-हमास युद्ध को खत्म करने का प्रयास कर रहे कतर, मिस्र और अमेरिका के प्रति समर्थन जताया था। हालांकि ईरान ने इन मांगों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। खबरों के मुताबिक ईरान के राष्ट्रपति ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से कहा है कि तेहरान इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई को अपना अधिकार मानता है और यह भविष्य में आक्रामकता को रोकने का सही तरीका है। पेजेश्कियन ने सोमवार देर रात प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ फोन पर बातचीत में कहा कि गाजा में अमानवीय अपराध और मिडिल ईस्ट में दूसरे जगहों पर इजराइली हमलों के बारे में पश्चिम देशों की चुप्पी गैर-जिम्मेदाराना थी और इसने इजराइल को क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा को जोखिम में डालने के लिए और प्रोत्साहित किया है। गौरतलब है कि ईरान इजराइल को मान्यता नहीं देता है और हमास और लेबनान के हिजबुल्लाह सहित इजराइल विरोधी आतंकवादी समूहों का समर्थन भी करता है।



### ऐसी मांगों में कोई राजनीतिक तर्क नहीं : ईरान

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने मामले पर बातचीत करते हुए कहा कि इस मांग का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा, "ऐसी मांगों में कोई राजनीतिक तर्क नहीं है। ये अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों और नियमों के पूरी तरह खिलाफ है।"

## रूस के 1000 वर्ग किमी इलाके पर यूक्रेन का कब्जा

# यूक्रेन ने छीने 28 गांव

**एजेंसी** | कीव

यूक्रेन ने रूस के 1,000 वर्ग किमी से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक एक सप्ताह पहले यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के कुर्स्क इलाके पर हमला किया था। तब से यहां के करीब 28 गांवों पर कब्जा कर चुके हैं।

कुर्स्क में टैंकों और तोपखानों से लैस करीब एक हजार यूक्रेनी सैनिक 6 अगस्त को दाखिल हुए थे। इसके बाद रूस ने 8 अगस्त को ही यहां इमरजेंसी लगा दी थी। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने इसे यूक्रेन की उकसाने वाली हरकत बताया है। उन्होंने अपने रक्षा अधिकारियों को यूक्रेनी सेना को रूसी इलाके से खदेड़ने का आदेश दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने सोमवार को कुर्स्क के स्थानीय नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान कुर्स्क के प्रमुख एलेक्सी स्मिरनोव ने पुतिन को बताया कि उनके इलाके में कई बस्तियों पर यूक्रेनी सेना ने कब्जा कर लिया है। यूक्रेनी हमले में 12 रूसी नागरिक भी मारे गए हैं। 121 लोग घायल हुए हैं। स्मिरनोव ने कहा कि यूक्रेनी सेना रूस में 30 किमी भीतर तक घुस चुकी है। बैठक में शामिल यूक्रेनी सैन्य प्रमुख ओलेक्सांद्र सिरस्की ने पुतिन से कहा कि लगभग 386 वर्ग मील (1,000 वर्ग किलोमीटर) रूसी इलाके पर यूक्रेन ने कंट्रोल कर लिया है।

### 1.21 लाख लोग सुरक्षित जगह किए शिफ्ट



स्मिरनोव ने कहा कि 1.21 लाख रूसी लोगों को उनके घरों से निकाल कर सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया गया है। यूक्रेनी सेना के कब्जे वाले इलाकों में करीब 2,000 रूसी नागरिक अभी भी मौजूद हैं। रिपोर्ट के मुताबिक रूसी अधिकारियों ने प्रभावित लोगों को प्रति व्यक्ति करीब 10 हजार रुपए मुआवजे के रूप में देने का ऐलान किया है। व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन सीमा के सबसे करीब क्रास्नोयार्स्क जिले से 11,000 लोग सुरक्षित जगह पर चले गए हैं। बाकी लोगों को भी ले जाया जा रहा है।

### समझौता नहीं: पुतिन

पुतिन ने कहा कि यूक्रेन, रूसी इलाके पर कब्जा कर सीजफायर समझौते के लिए अपना पक्ष मजबूत करना चाहता है, लेकिन हम उन लोगों के साथ कोई समझौता नहीं करने वाले हैं। पुतिन ने यूक्रेन पर रूसी नागरिकों की हत्या करने और न्यूक्लियर पावर प्लांट के नजदीक हमला करने का आरोप लगाया। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बीते रविवार को माना था कि यूक्रेन ने रूसी इलाके में घुसकर हमला किया है।

## बांग्लादेश: प्रमुख सलाहकार पहुंचे मंदिर

# लोकतंत्र में कोई हिंदू-मुस्लिम नहीं: यूनुस

**एजेंसी** | ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस मंगलवार को राजधानी ढाका के ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे। मंदिर पहुंचकर यूनुस ने बांग्लादेश पूजा-उदयापन परिषद और महानगर सर्वजन पूजा समिति के प्रमुख लोगों, मंदिर के मैनेजमेंट बोर्ड और भक्तों से मुलाकात की। दरअसल, बांग्लादेश में हिंसा के बीच हिंदू समुदाय पर हमले बढ़ते जा रहे हैं। 52 जिलों में हिंदुओं पर हमले के अब तक 205 मामले सामने आ चुके हैं। बढ़ते हमलों की वजह से बांग्लादेश के अलावा भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में भी प्रदर्शन हुए हैं। ऐसे में मोहम्मद यूनुस का ये कदम हिंदू समुदाय के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील के तौर पर देखा जा रहा है।



### शेख हसीना को लेकर सुनवाई

बांग्लादेश छोड़कर भारत आई शेख हसीना पर एक दुकानदार की हत्या के आरोप को लेकर मंगलवार को सुनवाई हुई। 19 जुलाई को आरक्षण पर जारी हिंसा के बीच ढाका के मोहम्मदपुर में एक किराना दुकानदार अबु सईद की पुलिस गोलीबारी में मौत हो गई थी। इसी मामले में पूर्व प्रधानमंत्री हसीना और अन्य 6 लोगों को आरोपी बनाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक मोहम्मदपुर के रहने वाले आमिर हमजा शातिल ने ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत में शेख हसीना और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

### शिकायतकर्ता का पीड़ित से कोई करीबी रिश्ता नहीं

शिकायत करने वाले शातिल ने बताया कि पीड़ित से उनका कोई करीबी रिश्ता नहीं था; लेकिन एक मासूम बांग्लादेशी नागरिक की मौत हुई है, इसके चलते उन्होंने खुद अपनी इच्छा से मामला दर्ज कराया। शिकायत में शातिल ने बताया कि अबू सईद की हत्या उस समय हुई, जब पुलिस आरक्षण विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर अंधाधुंध गोलियां चला रही थी। शातिल ने बताया कि पीड़ित के परिवार के सदस्य पंचगढ़ जिले के बोडा उपजिला में रहते हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl